Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2023-25
www.dainikvishwapariwar.com
रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 249 ● वर्ष : 13 ● रायपुर, शनिवार 07 मार्च 2026 ● पृष्ठ : 12 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



जैन धर्म का मूल विस्तार यह है कि वह प्रत्येक आत्माओं को परमात्मा बनाने की क्षमता को बताता है।

The fundamental of jainism is that it explains every soul's capability to become god.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## बिहार भाजपा में सीएम पद की दौड़ तेज, सामने आए 3 नाम



**पटना।** बिहार में संभावित राजनीतिक पुनर्संरचना की चर्चाओं के बीच भाजपा में मुख्यमंत्री पद को लेकर हलचल तेज हो गई है। पार्टी के भीतर कई संभावित दावेदारों की सक्रियता बढ़ने की चर्चा है। सत्ता एवं संगठन के गलियारों में यह भी कयास लगाए जा रहे हैं कि सरकार के पुनर्गठन की स्थिति में भाजपा कोटे के कुछ मंत्रियों के विभाग बदले जा सकते हैं, जबकि कुछ को कैबिनेट से बाहर भी किया जा सकता है। इन चर्चाओं के बीच मंत्रियों एवं नेताओं की बेचैनी भी बढ़ी हुई है। इस मध्य पार्टी में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पृष्ठ भूमि वाले कार्यकर्ताओं को भी आगे बढ़ाने की पहल की जा रही है। राजनीतिक चर्चा है कि नई सरकार के गठन या बड़े फेरबदल की स्थिति में जातीय एवं क्षेत्रीय संतुलन को प्रमुख आधार बनाया जाएगा।

# यूपीएससी 2025 का रिजल्ट जारी

## 958 उम्मीदवारों ने मारी बाजी, अनुज अग्निहोत्री ने किया टॉप

**नई दिल्ली।** संघ लोक सेवा आयोग यानी यूपीएससी ने सिविल सेवा परीक्षा 2025 का अंतिम परिणाम जारी कर दिया है। यूपीएससी द्वारा घोषित परिणाम के अनुसार, इस वर्ष सिविल सेवा परीक्षा में अनुज अग्निहोत्री ने टॉप किया है। वहीं, दूसरे स्थान पर राजेश्वरी सुवे एम रही हैं और तीसरे स्थान पर अकांश ढुल रहे हैं। यह परिणाम अगस्त 2025 में आयोजित लिखित परीक्षा और दिसंबर 2025 से फरवरी 2026 के बीच हुए व्यक्तित्व परीक्षण यानी साक्षात्कार के आधार पर घोषित किया गया है।

आयोग की ओर से जारी मेरिट सूची के अनुसार, कुल 958 उम्मीदवारों को विभिन्न अखिल भारतीय और केंद्रीय सेवाओं में नियुक्ति के लिए अनुशंसित किया गया है। यूपीएससी की सिविल सर्विसेज में चौथे स्थान पर राघव झुनझुनवाला, पांचवें स्थान पर ईशान भटनागर और छठे स्थान पर जिनिया अरोड़ा ने जगह बनाई है। सातवें स्थान पर एआर राजा




मोहिदीन, आठवें स्थान पर पक्शल सेक्रेटरी, नौवें स्थान पर आस्था जैन और दसवें स्थान पर उज्जवल प्रियंक हैं। इस तरह शीर्ष 10 में अलग-अलग राज्यों और पृष्ठभूमियों से आने वाले प्रतिभाशाली उम्मीदवारों ने अपनी जगह बनाई है। आयोग के अनुसार, इस बार कुल 958 उम्मीदवारों को नियुक्ति के लिए चुना गया है। इनमें सामान्य वर्ग के 317, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, यानी ईडब्ल्यूएस, के 104, अन्य पिछड़ा वर्ग के 306, अनुसूचित जाति के 158 और अनुसूचित जनजाति के 73 उम्मीदवार शामिल हैं।

### सफल अभ्यर्थियों को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने दी बधाई



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा 2025 में सफलता प्राप्त करने वाले छत्तीसगढ़ के सभी अभ्यर्थियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ दी हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा कि प्रदेश के प्रतिभाशाली युवाओं ने अपनी मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प के बल पर यह उपलब्धि हासिल कर पूरे छत्तीसगढ़ का गौरव बढ़ाया है। मुख्यमंत्री साय ने वैभवी अग्रवाल, दर्शना सिंह बघेल, डायमंड सिंह ध्रुव, रौनक अग्रवाल और संजय डहरिया को उनकी उल्लेखनीय सफलता के लिए बधाई दी है।




## नेपाल में बालेन शाह की आंधी, आरएसपी 86 सीटों पर आगे

**काठमांडू।** नेपाल में आम चुनाव के लिए वोटों की गिनती जारी है। नेपाल के चुनाव आयोग ने मतगणना शुरू होने के 24 घंटे के भीतर सीधे 165 सीटों के परिणाम जारी करने की बात कही है। साथ ही यह भी कहा है कि पहाड़ी क्षेत्रों में मतपेटियों को इकट्ठा करके मतगणना केंद्रों तक लाने में कम से कम एक दिन लग जाता है।

इसिलए बाकी के चुनाव नतीजे बाद में घोषित किए जाएंगे। 05 मार्च गुरुवार को नेपाल में हुए चुनाव में योग्य मतदाताओं में से लगभग 60 प्रतिशत ने अपने वोट डाले थे। इस चुनाव में 65 पार्टियों के 3,400 से अधिक उम्मीदवार मैदान में हैं। नेपाल चुनाव में किस सीट पर कौन आगे चल रहा है और किसकी पार्टी सरकार बनाने की ओर अग्रसर है। नेपाल में वोटों की गिनती जारी है। शुरुआती रुझानों में रैपर से राजनेता बने बालेन शाह की राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) 86 सीटों पर आगे चल रही है।

## ईरान जंग से रसोई गैस की हो सकती है किल्लत



**नई दिल्ली।** अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग अगर बढ़ी तो भारत में रसोई गैस की किल्लत बढ़ सकती है। इस स्थिति को देखते हुए सरकार ने इमरजेंसी पावर इस्तेमाल करते हुए देश की सभी ऑयल रिफाइनरी कंपनियों को एलपीजी उत्पादन बढ़ाने का आदेश दिया है। रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार, मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव से गैस की सप्लाई प्रभावित हो सकती है।

### ट्रम्प बोले- ईरान बिना शर्त सरेंडर करे, तभी समझौता



अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का आज सातवां दिन है। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ईरान के साथ किसी भी तरह का समझौता तभी संभव है जब वह बिना शर्त सरेंडर करे। उन्होंने कहा कि इसके बाद ईरान में नई और बेहतर लीडरशिप चुनी जाएगी। ट्रम्प ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि ईरान के साथ कोई डील नहीं होगी, जब तक वह 'अनकंडीशनल सरेंडर' नहीं करता।

## भीषण सड़क हादसा, अचानक अनियंत्रित होकर बस पलटी

**जशपुर।** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में करडेगा से कुनकुरी आ रही एक यात्री बस अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। इस भीषण हादसे में 6 यात्रियों की मौत हो गई है, जिसमें एक बच्चा भी शामिल है। वहीं 9 लोग गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। दुर्घटनाग्रस्त बस अनमोल बस एजेंसी का बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, बस में करीब दो दर्जन से अधिक यात्री सवार थे। दुर्घटना करडेगा चौकी क्षेत्र के गोड़ाअंबा के पास हुई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोगों ने तुरंत राहत कार्य शुरू किया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंच गई है। घायलों को अस्पताल पहुंचाने के लिए तीन एम्बुलेंस घटनास्थल के लिए रवाना की गई हैं। गंभीर रूप से घायल यात्रियों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना कुनकुरी लवाकेरा स्टेट हाईवे से लगे ग्राम हल्दीमुंडा से लगभग 1 किलोमीटर के अंदर गोडअंबा के पास घटी है।

## कल तीसरा टी20 विश्व कप जीतने के इरादे से उतरेगी भारतीय टीम




**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट टीम टी20 विश्व कप 2026 के फाइनल में पहुंच चुकी है। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में गुरुवार को खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में भारत ने इंग्लैंड को हराकर फाइनल में जगह बनाई। भारतीय टीम लगातार दो टी20 विश्व कप फाइनल खेलने वाली तीसरी टीम बन गई है। इससे पहले रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम इंडिया ने टी20 विश्व कप 2024 का फाइनल खेला था। उस मुकाबले में भारत ने दक्षिण अफ्रीका को हराकर खिताब अपने नाम किया था। भारत से पहले टी20 विश्व कप में लगातार दो बार फाइनल खेलने का कारनामा पाकिस्तान और श्रीलंका ने किया है। पाकिस्तान ने 2007 और 2009 के टी20 विश्व कप का फाइनल खेला था।

2007 के फाइनल में पाकिस्तान को भारत के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। हालांकि 2009 के फाइनल में पाकिस्तान ने श्रीलंका को हराकर खिताब जीत लिया था।

### सुखोई-30 प्लेन क्रैश: दो पायलेट शहीद

**नई दिल्ली।** असम के कार्बी आंगलोंग जिले में गुरूवार को दुर्घटनाग्रस्त सुखोई एम-30 एमकेआई लड़ाकू विमान में सवार वायुसेना के दोनों पायलट मारे गए। भारतीय वायुसेना ने शुक्रवार को इस जेट क्रैश में दोनों पायलटों की मृत्यु होने की पुष्टि की। बताया जाता है कि दुघर्टना में मौत के शिकार हुए एक पालयट ने पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई में हिस्सा लिया था। सुखोई विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के कारणों की पड़ताल के लिए वायुसेना ने इसकी जांच शुरू कर दी है। वायुसेना ने शुक्रवार को जारी कर दोनों पायलटों की पुष्टि करते हुए कहा कि स्क्वाड्रन लीडर अनुज और फ्लाइट लेफ्टिनेंट पुरवेश दुरगकर को सुखोई-30 के क्रैश में जानलेवा चोटें आईं। भारतीय वायुसेना के सभी कर्मी ने इस पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए दुख की इस घड़ी में पीड़ित परिवार के साथ मजबूती से खड़े हैं।

## सड़क निर्माण कार्य में गुणवत्ता से समझौता नहीं होगा : मुख्यमंत्री



**रायपुर (विश्व परिवार)।** प्रदेश में सड़क निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और समयबद्धता को लेकर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सड़क निर्माण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या गुणवत्ताहीन कार्य को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि कहीं भी निर्माण कार्य में कमी पाई गई तो संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी और दोषी ठेकेदारों को ब्लैकलिस्ट किया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने यह निर्देश आज मंत्रालय महानदी भवन में लोक निर्माण विभाग के कार्यों और गतिविधियों की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक के दौरान दिए। बैठक में उप मुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण मंत्री अरुण साव उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री साय ने अधिकारियों से कहा कि सड़क निर्माण के बाद निरीक्षण करने के बजाय निर्माण के दौरान ही नियमित रूप से फील्ड में जाकर गुणवत्ता की निगरानी की जाए। उन्होंने कहा कि सड़कों का निर्माण केवल तकनीकी कार्य नहीं बल्कि आमजन की सुविधा से जुड़ा हुआ महत्वपूर्ण अधोसंरचनात्मक कार्य है।

## डिजिटल सेवाओं में छत्तीसगढ़ी की बढ़ती स्वीकार्यता, बिजली उपभोक्ताओं में मातृभाषा का बढ़ा रुझान

**रायपुर (विश्व परिवार)।** डिजिटल सेवाओं के बढ़ते उपयोग के बीच प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं में मातृभाषा छत्तीसगढ़ी के प्रति विशेष लगाव दिखाई दे रहा है। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज की डिजिटल सेवाओं में बड़ी संख्या में उपभोक्ता अब छत्तीसगढ़ी भाषा में सूचना प्राप्त करना पसंद कर रहे हैं, जो स्थानीय भाषा के प्रति बढ़ते विश्वास और अपनत्व को दर्शाता है।

राजभाषा छत्तीसगढ़ी को डिजिटल युग में नई पहचान मिल रही है। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के मोर बिजली एप एवं एसएमएस सेवा में अब चार लाख से अधिक उपभोक्ताओं ने छत्तीसगढ़ी भाषा में सूचना प्राप्त करने का विकल्प चुना है। यह संख्या अंग्रेजी भाषा चुनने वाले उपभोक्ताओं से लगभग दस गुना




अधिक है, जो प्रदेशवासियों के अपनी मातृभाषा के प्रति बढ़ते सम्मान और विश्वास को दर्शाती है। ऊर्जा सचिव व छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन एवं जनरेशन कंपनी के अध्यक्ष डॉ. रोहित यादव ने कहा कि राजभाषा छत्तीसगढ़ी को बढ़ावा देना कंपनी की प्राथमिकता है। स्थानीय भाषा में सूचना उपलब्ध होने से उपभोक्ताओं तक संदेश अधिक स्पष्ट, सरल और प्रभावी ढंग से पहुँचता है। यह पहल प्रशासन और आम जनता के बीच संवाद को और सशक्त बना रही है। प्रदेश के लगभग 39 लाख उपभोक्ताओं के मोबाइल नंबर एसएमएस सेवा से जुड़े हैं। इनमें से 34.7 लाख उपभोक्ताओं को हिन्दी, चार लाख से अधिक को छत्तीसगढ़ी तथा लगभग 35 हजार उपभोक्ताओं को अंग्रेजी में संदेश भेजे जा रहे हैं। इन संदेशों में बिजली बिल भुगतान, विद्युत आपूर्ति बाधित होने की सूचना सहित अन्य महत्वपूर्ण जानकारियाँ शामिल होती हैं।

### मालवीय रोड मंदिर में श्री 1008 रत्नत्रय विधान

## मुनि श्री सुयश सागर एवं कौशल्य सागर के मंगल सानिध्य में धर्म रस की वर्षा

**रायपुर (विश्व परिवार)।** युग श्रेष्ठ पट्टाचार्य 108 श्री विशुद्ध सागर जी महाराज के शिष्य मुनि श्री 108 सुयश सागर जी महाराज मुनि श्री 108 कौशल सागर जी महाराज के सान्निध्य में आज श्री दिगंबर जैन बड़ा मंदिर मालवीय रोड प्रांगण श्री 1008 रत्नत्रय विधान का भव्य आयोजन चल रहा है।

मैनेजिंग ट्रस्टी नरेंद्र जैन गुरुकृपा एवं अध्यक्ष यशवंत जैन ने जानकारी प्रदान की कि सर्वप्रथम देव आह्वान, गुरु आह्वान, के पश्चात प्रात: 07 बजे सामूहिक अभिषेक के पश्चात समोंशरण में चांदी की पांडुशिला में विराजित श्रीजी की वृहद शांतिधारा मुनि श्री मुखारविंद से उच्चारित मंत्रों को श्री सनत, अनिल, मनोज, रोमिल जैन चूड़ी परिवार को करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ ।

विधान में उपस्थित मंदिर अध्यक्षों, वरिष्ठ जन एवं ट्रस्टियों ने आचार्य श्री के चित्र अनावरण कर दीप प्रवजलन किया , उपाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी लोकेश चंद्रकांत जैन ने बताया मुनि श्री के पाद पक्षाल श्री विजय संजय नायक परिवार ने किया और डॉ अमित नेहा जैन को शास्त्र भेट करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

कमेटी के द्वारा विधान के भोजन पुण्यार्जक श्री चंपालाल मनोज संजय जी जैन, श्री बिजेंद्र अनीता जैन (सिटीमार्ट), श्री वाई आर, पदमा जैन, श्री प्रदीप प्रियेश प्रसंग जैन ( विश्व परिवार), श्री






दिनेश प्रीति जैन (2हह्य ) मुन्नी देवी जैन ,श्री सुधांशु लवली जैन, श्री रमेश रेखा जैन (कंकाली पारा) का सम्मान किया गया ।

नित्यमह पूजन में आज समोशरण में बैठने वाले श्रावक श्रेष्ठी बनने का शौभाग्य श्री अर्पण अखिल स्व.नरेंद्रजी जैन को प्राप्त हुआ , प्रतिष्ठाचार्य अजीत शास्त्री एवं पं शशिकांत शास्त्री (ग्वालियर) के मार्गदर्शन में शुरू हुई।

पूज्यमुनि श्री 108 सुयश सागर जी महाराज के प्रवचन में रत्न्त्रविधान की महत्ता बताते हुए सम्यक ज्ञान के दिन समोशरण में श्रावकों को बताया आज का विज्ञान को शोध करके निष्कर्ष देता है लेकिन हमारे तीर्थंकरों ने तो अपने सम्यक ज्ञान से आगम में पहले ही कह दिया था जिसे आज विज्ञान भी मानता है।


श्री दिगंबर जैन पंचायत ट्रस्ट, कार्यकारिणी, उपसमिति, महिला मंडल, जैन युवा महासभा ने सकल जैन समाज रायपुर राजधानी के सहयोग से आयोजित तीन दिवसीय महोत्सव के रूप में रत्नत्रय विधान में जरूर बैठकर ओर लाभ लेने का आग्रह कीया है। कार्यक्रम का आभार सचिव सुजीत जैन ने किया ।

### संग्रहालय आकर आज संस्कारों को नई चेतना प्राप्त हुई एवं संस्कृति का पुनर्जागरण हुआ : मुनि श्री सुयश सागर जी

# मुनि श्री सुयश सागर जी व कौशल्य सागर जी महाराज ने किया गुरु घासीदास पुरातत्व संग्रहालय का अवलोकन








**रायपुर (विश्व परिवार)।** जैन संत मुनि श्री सुयश सागर जी महाराज एवं मुनि श्री कौशल्य सागर जी महाराज ने शुक्रवार को रायपुर के सिविल लाइंस स्थित महंत गुरु घासीदास पुरातत्व संग्रहालय का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने संग्रहालय में सुरक्षित प्राचीन मूर्तियों, ऐतिहासिक धरोहरों और शिल्पकला को ध्यानपूर्वक देखा तथा भारतीय संस्कृति की समृद्ध विरासत की सराहना की।

मुनि श्री ने कहा कि संग्रहालय हमारी प्राचीन संस्कृति, इतिहास और सभ्यता को संजोकर रखने का महत्वपूर्ण केंद्र हैं। यहां आने से लोगों को अपने गौरवशाली अतीत से जुड़ने और सांस्कृतिक चेतना को समझने का अवसर मिलता है। इस अवसर पर मुनि श्री ने आगंतुक पुस्तिका में अपने विचार लिखकर संग्रहालय की ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण की सराहना की तथा इसे नई पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक बताया।

इस अवसर पर संग्रहालय संचालक डॉ प्रताप पारख, पुरातत्व वेत्ता प्रभात सिंह, गाइड रोशनी शर्मा आदि ने मुनि संघ को संग्रहालय मे संरक्षित पुरातत्व से परिचय कराया। उपस्थित सभी श्रद्धालुओं एवं समाजजनों ने भी संग्रहालय का अवलोकन किया तथा मुनिसंघ ने सभी को अपना मंगल आशीर्वाद प्रदान किया।

दैनिक
# विश्व परिवार महानगर

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com
रायपुर, शनिवार 07 मार्च 2026



## पांडातराई में सड़क के लिए 33 करोड़ की मिली स्वीकृति

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** राज्य शासन ने कबीरधाम जिले में ग्राम पांडातराई से फास्टरपुर मार्ग के निर्माण के लिए 33 करोड़ 8 लाख 47 हजार रुपए स्वीकृत किए हैं। इस राशि से 26.20 किमी सडक़ का निर्माण किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री श्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद राज्य शासन ने मंत्रालय से राशि स्वीकृति के संबंध में प्रमुख अभियंता को परिपत्र जारी कर दिया है। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कार्य में प्रयुक्त की जाने वाली सामग्रियों एवं संपूर्ण कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिए हैं।

## दो सडक़ों के लिए 95 करोड़ 36 लाख 40 हजार रुपए स्वीकृत

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** राज्य शासन ने दुर्ग जिले में दो सडक़ों के लिए 95 करोड़ 36 लाख 40 हजार रुपए स्वीकृत किए हैं। इस राशि से कुल 10.3 किमी सडक़ का निर्माण किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री श्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद राज्य शासन ने मंत्रालय से राशि स्वीकृति के संबंध में प्रमुख अभियंता को परिपत्र जारी कर दिया है। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कार्य में प्रयुक्त की जाने वाली सामग्रियों एवं संपूर्ण कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिए हैं। किसी भी स्तर पर कार्य की गुणवत्ता में कमी पाये जाने पर उत्तरदायित्व का निर्धारण करते हुए नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। लोक निर्माण विभाग ने दुर्ग जिले में पुलगांव मुख्य मार्ग से अंजोरा-रसमड़ा राज्य मार्ग में 5.26 किमी फोरलेन सडक़ के निर्माण के लिए 30 करोड़ 20 लाख 91 हजार रुपए मंजूर किए हैं।

# भाजपा राज्यसभा प्रत्याशी लक्ष्मी वर्मा ने नामांकन पत्र दाखिल किया

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा राज्यसभा चुनाव के लिए घोषित प्रत्याशी श्रीमती लक्ष्मी वर्मा ने गुरुवार के गरिमामय और उत्साहपूर्ण वातावरण में छत्तीसगढ़ विधानसभा भवन में निर्वाचन अधिकारी के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इससे पहले श्रीमती वर्मा ने भाजपा प्रदेश कार्यालय (कुशाभाऊ ठाकरे परिसर) स्थित %स्मृति मंदिर% पहुँचकर भाजपा के पितृपुरुषों डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी, पं. दीनदयाल उपाध्याय, पूर्व प्रधानमंत्री अटलबिहारी वाजपेयी, राजमाता विजयाराजे सिंधिया तथा कुशाभाऊ ठाकरे की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित कर आशीर्वाद लिया।



प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नामांकन दाखिले के बाद विश्वास व्यक्त किया कि श्रीमती वर्मा राज्यसभा में छत्तीसगढ़ की सशक्त नारी शक्ति का प्रतिनिधित्व पूरी श्रद्धा, निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ करेंगीं। उनका अनुभव, संवेदनशीलता और जनसेवा के प्रति समर्पण उच्च सदन में प्रदेश की आवाज़ को मजबूती प्रदान करेगा। उनकी यह उम्मीदवारी न केवल राजनीतिक दायित्व है, बल्कि प्रदेश की माताओं, बहनों और बेटियों के आत्मविश्वास, सम्मान और सहभागिता का प्रतीक भी है। श्रीमती वर्मा को प्रत्याशी बनाना भाजपा के महिला सशक्तीकरण के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने कहा कि श्रीमती वर्मा एक निष्ठावान और कर्मठ कार्यकर्ता हैं। राज्यसभा के लिए उनका चयन छत्तीसगढ़ की मातृशक्ति का सम्मान है। उनके अनुभव से प्रदेश के हितों को दिल्ली में और मजबूती मिलेगी। संगठन के प्रति उनकी निष्ठा और जमीनी स्तर पर किए गए कार्यों का यह प्रतिफल है। केंद्रीय नेतृत्व का यह निर्णय कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा भरने वाला है। उनकी उम्मीदवारी प्रदेश के विकास और नारी शक्ति के उत्थान के लिए एक मील का पत्थर है। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि श्रीमती वर्मा का राज्यसभा जाना छत्तीसगढ़ के पिछड़ा वर्ग और महिलाओं के लिए गौरव की बात है। वे संसदीय मर्यादाओं के अनुरूप प्रदेश की आवाज बुलंद करेंगी। राज्यसभा में उनकी उपस्थिति से केंद्र में छत्तीसगढ़ की जनहितकारी योजनाओं और क्षेत्रीय मुद्दों को प्रभावी ढंग से रखा जा सकेगा।

भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. (सुश्री) सरोज पाण्डेय ने कहा कि एक साधारण कार्यकर्ता को सदन के उच्च पटल तक पहुँचाना केवल भाजपा में ही संभव है। श्रीमती वर्मा को बधाई देते हुए डॉ. (सुश्री) पाण्डेय ने कहा कि श्रीमती वर्मा ने एक समर्पित और कर्मठ कार्यकर्ता के तौर पर संगठन और समाज, विशेषकर महिलाओं के उत्थान के लिए निरंतर कार्य किया है।

### पार्टी के भरोसे पर खरा उतरने का हरसंभव प्रयास करूंगी : लक्ष्मी वर्मा

भाजपा की राज्यसभा प्रत्याशी लक्ष्मी वर्मा ने इस मौके पर पार्टी के केंद्रीय एवं प्रादेशिक नेतृत्व के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करते हुए इसे एक साधारण कार्यकर्ता का सम्मान बताया। श्रीमती वर्मा ने कहा कि वह सदन में वंचित और पिछड़े वर्गों की आवाज़ को मजबूती से रखेंगी। एक महिला प्रतिनिधि के रूप में, वे महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन और सुरक्षा से जुड़े विषयों पर विधायी स्तर पर सक्रिय प्रयास करेंगी। पार्टी ने उन पर जो भरोसा जताया है, उस पर खरा उतरने का वह हरसंभव प्रयास करेंगीं। उनका लक्ष्य जनहित के मुद्दों को सदन के पटल पर लाना और अपने क्षेत्र के विकास को नई ऊँचाइयों पर ले जाना है।

# गार्ड ऑफ ऑनर के साथ लोकतंत्र सेनानी व मीसा बंदी महावीर प्रसाद जैन को दी गई अंतिम विदाई

**जशपुरनगर ( विश्व परिवार )।** जिले के वरिष्ठ समाजसेवी, मीसा बंदी एवं लोकतंत्र सेनानी महावीर प्रसाद जैन का निधन हो गया। वे लगभग 93 वर्ष के थे। उनके निधन पर उनके पुत्र देवेंद्र जैन, पोता नमन जैन सहित परिवार और जैन समाज ने गहरा शोक व्यक्त किया है। उनके निधन की खबर मिलते ही जैन समाज सहित पूरे जशपुर जिले में शोक की लहर दौड़ गई। शहर और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग उन्हें श्रद्धांजलि देने पहुँचे। कलेक्टर रोहित व्यास व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लाल उम्मेद सिंह निवास पर पहुंचकर महावीर प्रसाद जैन के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। स्वर्गीय महावीर प्रसाद जैन आपातकाल के दौरान लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष करने वाले प्रमुख लोकतंत्र सेनानियों में शामिल थे। उस कठिन दौर में



उन्होंने अपने सिद्धांतों से समझौता किए बिना लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए आवाज बुलंद की थी। इसी कारण उन्हें मीसा (स्क्क्) के तहत बंदी बनाकर जेल भेजा गया था। कठिन परिस्थितियों और यातनाओं के बावजूद वे लोकतंत्र और जनाधिकारों के प्रति अपने संकल्प पर अडिग रहे। जशपुर जिले में वे एक सम्मानित और सक्रिय सामाजिक व्यक्तित्व के रूप में पहचाने जाते थे। जैन समाज के धार्मिक आयोजनों, सामाजिक कार्यक्रमों और जनहित से जुड़े कार्यों में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रहती थी।

# ब्रह्मविद द ग्लोबल स्कूल के आवासीय विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक मनाई होली



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** ब्रह्मविद द ग्लोबल स्कूल के परिसर में होली का उत्सव बड़े ही उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया।

आवासीय विद्यार्थियों ने आपसी प्रेम और सौहार्द के साथ रंगों के इस पावन पर्व का आनंद लिया। पूरे परिसर में खुशियों, हंसी और रंगों की छटा बिखरी हुई थी। विद्यार्थियों ने एक-दूसरे को विभिन्न रंगों के गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। पारंपरिक परिधानों में सजे विद्यार्थियों ने इस अवसर को और भी विशेष बना दिया। इस आयोजन ने भारतीय संस्कृति की समृद्ध परंपराओं को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। विद्यालय प्रशासन द्वारा सुरक्षित और पर्यावरण-अनुकूल होली का आयोजन किया गया।

# सैमसंग ने लॉन्च की अपनी सबसे एडवांस्ड एआई फोन सीरीज गैलेक्सी एस-26

- शानदार ऑफर्स के साथ प्री-ऑर्डर शुरू

**गुरुग्राम।** भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने घोषणा की है कि उसकी बहुप्रतीक्षित गैलेक्सी S26 सीरीज़ आज से भारत में प्री-ऑर्डर के लिए उपलब्ध है। गैलेक्सी S26 अल्ट्रा, गैलेक्सी S26+ और गैलेक्सी S26 अब तक का सबसे आसान और नैचुरल एजेंटिक एआई% मोबाइल अनुभव देते हैं। चाहे बात प्लानिंग की हो, जानकारी खोजने की या फिर कंटेंट को कैप्चर और एडिट करने की—गैलेक्सी S26 सीरीज़ हर काम को इतना आसान बना देती है कि यूजर्स को तकनीक की बारीकियों के बजाय सिर्फ बेहतरीन नतीजों पर ध्यान देना होता है। गैलेक्सी S26 सीरीज़ को सैमसंग की सबसे बेहतरीन खूबियों—दमदार परफॉर्मेंस, शानदार कैमरा सिस्टम और गैलेक्सी एआई—को मिलाकर तैयार किया गया है। यह तालमेल गैलेक्सी S26 यूजर्स को सुरक्षा या प्राइवेसी से समझौता किए बिना पूरे दिन बेधड़क अपने फोन पर निर्भर रहने का भरोसा देता है। डिस्प्ले तकनीक में दशकों के नवाचार को आगे बढ़ाते हुए, सैमसंग ने गैलेक्सी S26 अल्ट्रा के साथ मोबाइल इंडस्ट्री का पहला इन-बिल्ट प्राइवेसी डिस्प्ले पेश किया है। यह पिक्सेल लेवल पर प्राइवेसी के प्रति सैमसंग की प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है। गैलेक्सी S26 अल्ट्रा में कस्टमाइज्ड चिपसेट और पहले से बेहतर थर्मल मैनेजमेंट भी दिया गया है।



## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष देव ने दी यूपीएससी परीक्षा में चयनित अभ्यर्थियों को बधाई

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने रौनक अग्रवाल, संजय डहरिया, दर्शना सिंह एवं डायमंड सिंह ध्रुव को यूपीएससी परीक्षा में सफलता अर्जित करने पर बधाई दी और कहा कि अभ्यर्थियों ने यूपीएससी में चयनित होकर प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। चयनित अभ्यर्थियों में रायपुर के रौनक अग्रवाल ने 772वाँ रैंक और संजय डहरिया ने 946वाँ रैंक हासिल किया है। इसके अलावा एमसीबी जिले की भाजपा पार्षद की पुत्री दर्शना सिंह को 283वीं रैंक हासिल हुई है और धमतरी के डायमंड सिंह ध्रुव को 623वाँ रैंक मिला है।



# पुलिस कमिश्नर डॉ संजीव शुक्ला ने नए पुलिस कमिश्नर कार्यालय का शुभारंभ




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** आज दिनांक 05.03.2026 को रायपुर पुलिस कमिश्नर डॉ संजीव शुक्ला के करकमलों से नए पुलिस कमिश्नर कार्यालय का शुभारंभ हुआ।

आज से पुलिस कमिश्नर कार्यालय के समस्त कार्यो का संपादन, सिविल लाइन सी -3 स्थित नए कमिश्नरेट कार्यालय से किया जाएगा। उद्घाटन के दौरान श्री अमित कामले, एडिशनल कमिश्नर ऑफ़ पुलिस , रायपुर , डीसीपी नार्थ श्री मयंक गुर्जर , डीसीपी सेंट्रल श्री उमेश गुप्ता , डीसीपी वेस्ट श्री संदीप पटेल , डीसीपी क्राइम श्री स्मृतिक राजनाला, डीसीपी ट्रैफिक श्री विकास कुमार एवं अन्य राजपत्रित अधिकारी तथा समस्त कार्यालयीन स्टाफ भी उपस्थित रहे।

# पेंशनरों को एरियर सहित 3 प्रतिशत डीए देने का आदेश तत्काल जारी करे सरकार

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ अधिकारी-कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन के प्रांतीय महमंत्री उमेश मुदलियार जिला शाखा रायपुर के सचिव बेनीराम गायकवाड़ ने राज्य सरकार से मांग की है कि पेंशनरों एवं पारिवारिक पेंशनरों को जुलाई 2025 से देय 3 प्रतिशत महंगाई भत्ता (डीए) एरियर सहित प्रदान करने का आदेश शीघ्र जारी किया जाए।

एसोसिएशन के ने कहा है कि जिस प्रकार केंद्र सरकार द्वारा अपने कर्मचारियों एवं पेंशनरों को समय पर महंगाई भत्ते का लाभ दिया जाता है, उसी प्रकार राज्य शासन को भी पेंशनरों के हित में समान निर्णय लेना चाहिए। यदि एरियर का भुगतान टालकर बाद की तिथि से लागू किया जाता है तो पेंशनरों को छह माह के एरियर का आर्थिक नुकसान होगा, जो न्यायोचित नहीं है। जिला शाखा अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार उमाठे, प्रांतीय सचिव सी एल दुबे, संभागीय अध्यक्ष विमल कुंडु, विजय झा,बी पी कुरील, यशवंत भोसले,के एन शर्मा, केदार अग्रवाल,विश्वनाथ ध्रुव आदि पदाधिकारियों ने बताया कि पेंशनर वर्ग पूर्व में भी एरियर भुगतान में विलंब से प्रभावित होता रहा है, जिससे उनमें असंतोष व्याप्त है। एसोसिएशन का मानना है कि पेंशनर अपने सेवा काल में राज्य के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे चुके हैं, अत: उनके साथ न्यायपूर्ण व्यवहार किया जाना चाहिए।

एसोसिएशन ने राज्य शासन से आग्रह किया है कि मध्यप्रदेश सरकार को आवश्यक सहमति प्रदान करते हुए छत्तीसगढ़ में भी पेंशनरों को जुलाई 2025 से 3 प्रतिशत डीए एरियर सहित देने का आदेश तत्काल जारी किया जाए, ताकि पेंशनरों को अनावश्यक आर्थिक हानि न हो।

# चौथी लाइन परियोजना पर किया जा रहा है कार्य, गाड़ियां प्रभावित

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** हावड़ा-मुंबई मुख्य लाइन पर स्थित दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के बिलासपुरङ्कझारसुगुड़ा सेक्शन में चौथीलाइन निर्माण का कार्य किया जा रहा है । इस कड़ी में बिलासपुर- चांपा सेक्शन के मध्य अकलतरा स्टेशन में चौथी लाइन कनेक्टिविटी हेतु प्रीनॉन /नॉनइंटरलॉकिंग का कार्य किया जायेगा 7 इस कार्य के फलस्वरुप कुछ यात्री गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा, जिसकी जानकारी इस प्रकार है। रद्द होने वाली गाडियांः- 31 मार्च 2026 से 11 अप्रैल 2026 तक बिलासपुर व रायगढ़ से चलने वाली 68738/68737 बिलासपुर-रायगढ़-बिलासपुर मेमू रद्द रहेगी । 31 मार्च 2026 से 11 अप्रैल 2026 तक रायगढ़ से चलने वाली 68735 रायगढ़-बिलासपुर मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी । 30 मार्च 2026 से 10 अप्रैल 2026 तक बिलासपुर से चलने वाली 68736 बिलासपुर-रायगढ़ मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी । 30 मार्च 2026 से 10 अप्रैल 2026 तक रायपुर से चलने वाली 68746 रायपुरङ्कगेवरा रोड मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी । 31 मार्च 2026 से 11 अप्रैल 2026 तक गेवरा रोड से चलने वाली 68745 गेवरा रोड-रायपुर मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी । 30 मार्च 2026 से 10 अप्रैल 2026 तक रायपुर से चलने वाली 58204 रायपुर-कोरबा पैसेंजर रद्द रहेगी।

31 मार्च 2026 से 11 अप्रैल 2026 तक कोरबा से चलने वाली 58203 कोरबा-रायपुर पैसेंजर रद्द रहेगी। 31 मार्च 2026 से 11 अप्रैल 2026 तक बिलासपुर व गेवरा रोड से चलने वाली 68734/68733 बिलासपुर-गेवरा रोड-बिलासपुर मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी ।

# ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी वुडबॉल टूर्नामेंट 2025-26 में आईएसबीएम यूनिवर्सिटी ने जीता गोल्ड मेडल

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** मध्यांचल प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, भोपाल (मध्यप्रदेश) में आयोजित ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी वुडबॉल टूर्नामेंट 2025-26 में आईएसबीएम यूनिवर्सिटी, गरियाबंद (छत्तीसगढ़) के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीतकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि के साथ आईएसबीएम यूनिवर्सिटी ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी खेल प्रतिभा का परचम लहराया है।




देशभर की विभिन्न विश्वविद्यालयों की टीमों के बीच आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने कड़ा मुकाबला किया। वुडबॉल के इस रोमांचक टूर्नामेंट में आईएसबीएम यूनिवर्सिटी की टीम ने उत्कृष्ट समन्वय, अनुशासन और खेल कौशल का परिचय देते हुए प्रतिद्वंद्वी टीमों को पीछे छोड़ते हुए पहला स्थान हासिल किया। खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन और टीमवर्क ने विश्वविद्यालय को गोल्ड मेडल दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

आईएसबीएम यूनिवर्सिटी की विजेता टीम में प्रबोध सिंह खंगरोट, शिवराज सिंह, स्वरूप सिंह जोधा, कमल सिंह, अगर सिंह और मनीष शामिल रहे। इन सभी खिलाड़ियों ने पूरे आत्मविश्वास और समर्पण के साथ मैदान में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। पूरे टूर्नामेंट के दौरान खिलाड़ियों ने बेहतरीन तकनीक, धैर्य और रणनीति का परिचय देते हुए अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उनके इस शानदार प्रदर्शन ने न केवल विश्वविद्यालय बल्कि छत्तीसगढ़ राज्य का भी नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया।

टीम के साथ मैनेजर पंकज दिनेश सिंह ने भी खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करते हुए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस शानदार सफलता पर आईएसबीएम यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. विनय एम. अग्रवाल, कुलपति डॉ. आनंद महलवार तथा कुलसचिव डॉ. बी. पी. भोल ने विजेता खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि विश्वविद्यालय के लिए अत्यंत गौरव का विषय है और इससे अन्य छात्रों को भी खेलों में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी।

विश्वविद्यालय प्रशासन ने कहा कि आईएसबीएम यूनिवर्सिटी में शिक्षा के साथ-साथ खेल गतिविधियों को भी विशेष महत्व दिया जाता है, ताकि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित किया जा सके।

## बस्तर को मिली स्वास्थ्य और विकास की सौगात

# हेल्थ एटीएम का शुभारंभ और नारायणपुर में लाखों के विकास कार्यों का भूमिपूजन


**जगदलपुर ( विश्व परिवार )।** बस्तर के लिए आज का दिन स्वास्थ्य सुविधाओं और विकास कार्यों के लिहाज से महत्वपूर्ण रहा। कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप एवं बस्तर सांसद महेश कश्यप की उपस्थिति में भानपुरी स्थित सिविल अस्पताल में अत्याधुनिक हेल्थ एटीएम का शुभारंभ किया गया, वहीं नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र के करंदोला में विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन भी संपन्न हुआ। भानपुरी सिविल अस्पताल में स्थापित हेल्थ एटीएम के माध्यम से अब बस्तरवासियों को अत्याधुनिक स्वास्थ्य जांच की सुविधा एक ही स्थान पर उपलब्ध होगी। इस मशीन से रक्तचाप, शुगर, ईसीजी सहित कई महत्वपूर्ण स्वास्थ्य परीक्षण कुछ ही मिनटों में किए जा सकेंगे।इस पहल से ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों के लोगों को समय पर स्वास्थ्य जांच और परामर्श मिल सकेगा, जिससे गंभीर बीमारियों की समय रहते पहचान संभव होगी नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र के करंदोला में विभिन्न जनहितकारी विकास कार्यों का भूमिपूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। इन कार्यों में सामुदायिक भवन, पुलिया और सीसी सड़क निर्माण शामिल हैं। स्वीकृत कार्यों में प्रमुख रूप से घोटिया में दुलारदई गुड़ी के पास सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 5 लाख रुपये, तिरथा में भैरमगुड़ी मंदिर के पास 2 मीटर पुलिया निर्माण के लिए 6 लाख रुपये, राजपुर में 200 मीटर सीसी सड़क निर्माण के लिए 6 लाख रुपये, सुधापाल में माता मंदिर के पास 1.5 मीटर पुलिया निर्माण हेतु 4.50 लाख रुपये, खड़का में 2 मीटर पुलिया निर्माण के लिए 6 लाख रुपये तथा सालेमेटा में 300 मीटर सीसी सड़क निर्माण के लिए 9 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई है। इन सभी कार्यों की कुल लागत 36.50 लाख रुपये है।




कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि बस्तर के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा और मजबूत आधारभूत ढांचा उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। हेल्थ एटीएम जैसी आधुनिक व्यवस्था से ग्रामीणों को समय पर जांच और उपचार की सुविधा मिलेगी, वहीं विकास कार्यों से क्षेत्र की बुनियादी जरूरतें भी पूरी होंगी।

### क्षेत्र के विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध

प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के लिए लगातार कार्य कर रही है। स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने और आधारभूत संरचना विकसित करने के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं लागू की जा रही हैं, जिससे बस्तर के लोगों को सीधा लाभ मिल रहा है।



डिंपल्स कॉस्मेटिक सर्जरी द्वारा गालों में स्थायी डिंपल्स
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
फोन : 9827143060/8871003060

RAIPUR BUSINESS HUB
ITR फाईल बनवाएं मात्र 500/-
GST रजिस्ट्रेशन
TDS रिफंड
CMA DATA
BALANCE SHEET
MSME रजिस्ट्रेशन
फूड लाइसेंस
प्रोजेक्ट रिपोर्ट
TAX AUDIT
हमारे TAX EXPERT आपकी मदद हेतु तैयार हैं
(व्हाट्सएप पर भी बनवाएं)
संपर्क - शेखर गुप्ता 9300755544, 8878655544

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा आसमां पब्लिसर्स इंडिया प्रा.लि. पंजाब नेशनल बैंक के सामने, जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354

# संपादकीय

## भारत की पूरी अर्थव्यवस्था प्रभावित होगी

एआई के नए टूल्स आने से ना सिर्फ भारतीय टेक क्षेत्र, बल्कि समग्र अर्थव्यवस्था पर आशंकाएं मंडरा रही हैं। गौरतलब है कि गुजरे तीन दशकों में भारत में टेक सेक्टर उपभोक्ता मध्य वर्ग निर्मित करने वाला प्रमुख कारोबार रहा है। जिस समय बड़ी टेक कंपनियों के शेयर भाव में गिरावट का सिलसिला थम नहीं रहा है, नेशनल एसोसिएशन ऑफ सॉफ्टवेयर एवं सर्विस कंपनीज (नैसकॉम) की बैठक पर निगाहें टिकना लाजिमी है। दुनिया में तकनीक सेवादाता कंपनियों के शेयरों के भाव में गिरावट का सीधा कारण आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के नए टूल्स का सामने आना है। खासकर अमेरिकी कंपनी एंथ्रोपिक ने अपने क्लाउड ऐप पर ऐसी सेवाएं दी हैं, जिनसे राय बनी है कि वे वो काम करने में सक्षम हैं, जिनकी सेवाएं टीसीएस, इन्फोसिस, विप्रो आदि जैसी टेक कंपनियां देती रही हैं। इसलिए इस महीने ऐसी भारतीय कंपनियों के शेयरों के भाव रोजमर्रा के स्तर पर गिरे हैं। भारतीय टेक शेयरों में गिरावट का बड़ा कारण विदेशी निवेशकों का इनसे पैसा निकालना है। इस घटनाक्रम से ना सिर्फ भारत के टेक क्षेत्र, बल्कि समग्र अर्थव्यवस्था पर आशंकाएं मंडरा रही हैं। भारत में टेक सेक्टर अर्थव्यवस्था का सिर्फ एक क्षेत्र भर नहीं है। बल्कि गुजरे तीन दशकों में यह उपभोक्ता मध्य वर्ग निर्मित करने वाला प्रमुख कारोबार रहा है। पिछले साल टेक कंपनियों में 58 लाख कर्मी कार्यरत थे। आयकर आंकड़ों के मुताबिक भारत में स्थायी वेतन से होने वाली कुल आय में टेक कर्मियों का हिस्सा साढ़े 25 प्रतिशत से अधिक रहा। केंद्र सरकार के कर्मचारियों की कुल तनख्वाह से यह हिस्सा सवा तीन गुना ज्यादा है। एआई से यह क्षेत्र सिकुड़ा, तो जाहिर है, उससे भारत की पूरी अर्थव्यवस्था प्रभावित होगी। इसीलिए मंगलवार को हो रही नैसकॉम की बैठक को अहम माना गया है, जिसमें भारत में एआई को अपनाने की गति और उद्योगों पर उसका प्रभाव चर्चा का प्रमुख मुद्दा होंगे। भारतीय टेक कंपनियां आश्वासन देती रही हैं कि एआई के उपयोग से उनके कामकाज पर ज्यादा फर्क नहीं पड़ेगा। उनके मुताबिक एआई दौर की जरूरतों के मुताबिक वे तेजी से खुद को ढाल रही हैं। मगर जिस तरह पिछले वर्ष टीसीएस जैसी कंपनियों ने कर्मचारियों की छंटनी की, उसके मद्देनजर ऐसे से आश्वासनों से ना तो बाजार का रुख बदला है, और ना ही सार्वजनिक चर्चाओं में अंदेशे घटे हैं। तो क्या आज की नैसकॉम की बैठक इस बारे में भरोसा बंधा पाएगी?

# आलेख

## दुनिया में चर्चा का विषय एपस्टीन की फाइल्स

विनीत नारायण

फ़ाइलें 30 जनवरी 2026 को सामने इसलिए आई क्योंकि अमरीका के सांसदों ने न्यायिक विभाग पर भारी दबाव बनाया। अभी भी बहुत सारी सूचनाओं को ये विभाग दबा कर बैठा है। अमरीका के जो भी सांसद बारी-बारी से जाकर न्यायिक विभाग में इन फाइलों का निरीक्षण कर रहे हैं वे सदमें में आ जाते हैं। इनमें दुनिया के कुलीन और मशहूर धनाढ्यों और राजनेताओं के नाम शामिल हैं। पिछले हफ़्ते तक इंग्लैंड के युवराज रहे प्रिंस एंड्र्यूज़ की गिरफ़्तारी ने एपस्टीन फ़ाइल्स में उल्लेखित विश्व की मशहूर हस्तियों और राजनेताओं के दिल की धड़कन बढ़ा दी है। ये एक ऐसा जिन्न है जो फैलता ही जा रहा है। हर रोज़ नए-नए नाम और उनके काले कारनामे उजागर हो रहे हैं। आश्चर्य की बात है कि अमरीका के न्यायिक विभाग ने इन फाइल्स के सामने आने के बाद इनमें शामिल मशहूर हस्तियों से न तो कोई पूछताछ की और न ही उनके ख़िलाफ़ कोई केस दर्ज किए। क्योंकि उस पर अपने ही सत्ताधीशों का दबाव था। ये फ़ाइलें भी 30 जनवरी 2026 को सामने इसलिए आई हैं क्योंकि अमरीका के सांसदों ने न्यायिक विभाग पर भारी दबाव बनाया। अभी भी बहुत सारी सूचनाओं को ये विभाग दबा कर बैठा है। अमरीका के जो भी सांसद बारी-बारी से जाकर न्यायिक विभाग में इन फाइलों का निरीक्षण कर रहे हैं वे सदमें में आ जाते हैं। इनमें दुनिया के कुलीन और मशहूर धनाढ्यों और राजनेताओं के नाम शामिल हैं। आश्चर्य की बात है कि भारत का अधिकतर मीडिया ही नहीं बल्कि अमरीका का भी मुख्य धारा का मीडिया एपस्टीन फाइल्स को लेकर सामने आ रही दिल दहलाने वाली सूचनाओं को उस तत्परता से प्रकाशित या प्रसारित नहीं कर रहा जैसा किया जाना चाहिए। लगता है कि पैसे और ताक़त के दबाव पर इन सूचनाओं को दबाने का काम जारी है। पर सोशल मीडिया अपनी भूमिका बखूबी निभा रहा है। जिन्हें एपस्टीन फाइल्स के बारे में अधिक जानकारी नहीं है, वे सोशल मीडिया पर जाकर 'एपस्टीन फाइल्स' कीवर्ड को खोजेंगे तो उनकी आँखे फटी की फटी रह जाएँगी। ये फाइल्स इतनी भयावह हैं कि अगर इससे जुड़े ताक़तवर लोगों पर क़ानूनी करवाई होना शुरू हो जाए तो अमरीका की राजसत्ता और आर्थिक सत्ता धराशाही हो जाएगी और यही स्थिति अन्य देशों में भी हो सकती है। आज अमरीका के हर बड़े शहर में लाखों नागरिक अपने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के ख़िलाफ़ सड़कों पर भारी प्रदर्शन कर रहे हैं। क्योंकि इन संदिग्ध फाइल्स में उपलब्ध वीडियो फुटेज में डोनाल्ड ट्रम्प जैसी तमाम बड़ी हस्तियां, छोटी बच्चियों के साथ दिखाई दे रहे हैं। हालांकि बच्चियों के यौन शोषण के मामले में उनके विरुद्ध अभी तक कोई प्रमाण सामने नहीं आए हैं। पर लाख टके का सवाल यह है कि जिस नरपिशाच को बच्चियों के साथ पाशविक यौनाचार के मामले में सज़ा मिल चुकी थी उससे ये बड़ी हस्तियां क्यों लगातार मिलती-जुलती रहीं? आइए जान लें कि जेफरी एडवर्ड एपस्टीन कौन था? वो एक अमेरिकी फाइनेंशियर (धन प्रबंधक) और सेक्स क्रिमिनल था। वो न्यूयॉर्क में जन्मा, पढ़ाई में अच्छा था, एक प्राइवेट स्कूल में टीचर रहा, फिर वॉल स्ट्रीट पर 'बियर स्टर्न्स' जैसे बड़े बैंक में काम किया। बाद में उसने अपनी खुद की फर्म बनाई, जहाँ वो अरबपतियों के पैसे मैनेज करता था। वो बहुत अमीर हो गया और दुनिया के बड़े-बड़े लोगों से उसकी दोस्ती थी, जैसे पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन, डोनाल्ड ट्रंप, ब्रिटेन के प्रिंस एंड्रयू, बिल गेट्स, कई सेलिब्रिटी, वैज्ञानिक और बिजनेसमैन। उसके पास 'लोलिता एक्सप्रेस' नाम का प्राइवेट जेट था। न्यूयॉर्क व फ्लोरिडा में उसके महल जैसे घर और कैरिबियन में एक प्राइवेट द्वीप भी था जहाँ वो शानदार दावतें देता था, जिनमें दुनिया भर की मशहूर हस्तियां शिरकत करती थीं। एपस्टीन पर बच्चियों और नाबालिग लड़कियों के साथ यौन शोषण और सेक्स ट्रैफिकिंग (बलात्कार/दुष्कर्म का नेटवर्क चलाने) के गंभीर आरोप थे। 2005 में फ्लोरिडा पुलिस ने जांच शुरू की तो एक 14 साल की लड़की ने बताया कि एपस्टीन ने उसे उसके घर में 'सेक्सुअल मसाज' के बहाने शोषण किया। दर्जनों (कुछ रिपोर्ट्स में 100+ से ज्यादा) नाबालिग लड़कियों ने कहा कि एपस्टीन उन्हें पैसे देकर 'मसाज' के लिए बुलाता था, फिर सेक्सुअल एक्टिविटी करता था।

# सार्वजनिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाना: किफायती और गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाओं के लिए जनऔषधि परियोजना का रणनीतिक विकास

श्री जगत प्रकाश नड्डा

■ जन औषधि सस्ती भी, भरोसेमंद भी, सेहत की बात, बचत के साथ।

किसी राष्ट्र की प्रगति का असली पैमाना अक्सर इस बात से परिलक्षित होता है कि उसके नागरिक स्वास्थ्य सेवा जैसी बुनियादी आवश्यकताओं तक



कितनी आसानी से पहुँच सकते हैं। दशकों तक, भारत के लाखों लोगों के स्वास्थ्य और आरोग्य के लिए दवाओं की उच्च लागत एक प्रमुख वित्तीय बाधा रही है। इस संदर्भ में, प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना (पीएमबीजेपी), प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाओं को उनके ब्रांडेड समकक्षों की तुलना में काफी कम कीमत पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू की गई पहल है। यह परियोजना सार्वजनिक स्वास्थ्य देखभाल में एक महत्वपूर्ण कमी को दूर करके एक व्यापक और व्यवस्थित परिवर्तन लाने में सफल रही है। वैश्विक स्तर पर, जेनेरिक दवाइयाँ सुलभ स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियों की मूलभूत आधारशिला हैं। विश्व भर में चिकित्सकों द्वारा दी जाने वाली कुल दवाइयों में इनकी हिस्सेदारी लगभग 80ङ्क90त्न है और इसने आवश्यक दवाओं तक पहुँच बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यद्यपि जेनेरिक दवाइयाँ पैकेज, लेबल और निष्क्रिय अवयव की दृष्टि से भिन्न हो सकती हैं, लेकिन अध्ययनों से पता चला है कि ये अंतर उनके चिकित्सीय प्रभाव पर असर नहीं डालते हैं। खुराक, सुरक्षा, क्षमता, गुणवत्ता और लक्षित उपयोग के संदर्भ में जेनेरिक दवाएं ब्रांडेड दवाओं की समकक्ष हैं तथा उत्पादन और गुणवत्ता के कठोर मानकों का समान रूप से पालन करती हैं। पीएमबीजेपी केवल एक खुदरा-बिक्री कार्यक्रम नहीं है; यह भारत की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली के संरचनात्मक सशक्तिकरण को दर्शाता है। यह इस साल के जनऔषधि सप्ताह के थीम में परिलक्षित होता है, जन औषधि सस्ती भी, भरोसेमंद भी, सेहत की बात, बचत के साथ, यह थीम लाखों लाभार्थियों के साथ गहराई से प्रतिध्वनित होती है। 18,000 से अधिक जनऔषधि केंद्रों के तेजी से बढ़ते नेटवर्क के माध्यम से, योजना ने सुनिश्चित किया है कि दवाइयाँ बाजार दरों की तुलना में 50त्न से 80त्न तक की कम कीमतों पर उपलब्ध हों और सभी सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि वाले परिवारों को समर्थन प्रदान करती हों। क्षेत्र सर्वेक्षणों से पता चला है कि लाभार्थी लागत बचत और दवाइयों तक बेहतर पहुँच की सराहना करते हैं। योजना का पैमाना इसके उत्पाद संग्रह से भी परिलक्षित होता है। जनऔषधि 2,110 दवाओं और 315 सर्जिकल उत्पादों का विस्तृत संग्रह पेश करता है, जो 29 विभिन्न चिकित्सीय क्षेत्रों को शामिल करती है। भारतीय औषधि एवं चिकित्सा उपकरण ब्यूरो (पीएमबीआई) के प्रत्यक्ष देखरेख में, संग्रह का विस्तार एक गतिशील, डेटा-संचालित प्रक्रिया है, जिसमें बाजार विश्लेषण, हितधारकों की भागीदारी और एक समर्पित विशेषज्ञ समिति की कठोर निगरानी शामिल हैं। इससे सुनिश्चित होता है कि योजना देश की बदलती स्वास्थ्य आवश्यकताओं और औषधीय मांगों के अनुरूप विकसित होती रहे। कठोर नियामक निरीक्षण के साथ, भारतीय दवा कंपनियां 200 से अधिक देशों के लिए भरोसेमंद आपूर्तिकर्ता बन गई हैं, जिसमें अमेरिका, यूके और यूरोपीय संघ जैसे अत्यधिक विनियमित बाजार भी शामिल हैं। भारतीय दवा कंपनियां लैटिन अमेरिका, अफ्रीका और पूर्वी यूरोप जैसे उभरते बाजारों में भी विस्तार कर रही हैं।यह उद्योग जैविक दवाओं के समान दवाओं (बायोसिमिलर), जैविक दवाओं के जेनेरिक प्रतिरूपों पर भी ध्यान केंद्रित कर रहा है, साथ ही जटिल जेनेरिक और विशेष दवाओं का उत्पादन करने के लिए अनुसंधान और विकास में भी अधिक निवेश कर रहा है। ये दूरदर्शी कार्यक्रम भारत को न केवल एक वैश्विक उत्पादन केंद्र के रूप में, बल्कि किफायती दवाओं के क्षेत्र में भविष्य के नवाचार अग्रणी देश के रूप में भी स्थापित करते हैं।

गुणवत्ता बनाम मूल्य पर बहस कभी-कभी सार्वजनिक धारणा को प्रभावित करती है। एक बहु-स्तरीय गुणवत्ता आश्वासन व्यवस्था के माध्यम से,पीएमबीजेपी ने इस मिथक को प्रभावी ढंग से तोड़ दिया है कि किफायती होना निर्माण मानकों में समझौते का संकेत देता है। दवाइयाँ डब्ल्यूएचओ-जीएमपी प्रमाणित निर्माताओं से खरीदी जाती हैं, जो वैश्विक उत्पादन मानकों का पालन सुनिश्चित करती हैं। नियम निर्धारित करते हैं कि फार्मेसी की शेल्फ तक पहुंचने से पहले दवा के हर बैच का राष्ट्रीय परीक्षण और अंशांकन प्रयोगशाला प्रत्यायन बोर्ड (एनएबीएल) द्वारा स्वीकृत प्रयोगशालाओं में सख्त सत्यापन होना आवश्यक है। ये दवाइयाँ औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 के नियमों का पालन करती हैं और ब्रांडेड विकल्पों के सुरक्षा और प्रभावशीलता मानकों के अनुरूप हैं। गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए खरीद से पहले सावधानीपूर्वक समीक्षा की जाती है और खरीद के बाद प्रयोगशाला में परीक्षण किया जाता है। परियोजना की कार्यान्वयन एजेंसी, पीएमबीआई नियमित रूप से दवाओं की गुणवत्ता की निगरानी और समीक्षा करती है, ताकि स्थापित विनियमों के पालन में कोई कोताही न होना सुनिश्चित किया जा सके। एक आईटी-संचालित वितरण नेटवर्क, जिसे पांच अत्याधुनिक भंडार गृहों और देशभर के में 41 विशेष वितरकों का समर्थन प्राप्त है, ने सुनिश्चित किया है कि आपूर्ति श्रृंखला व्यवधानों के खिलाफ सुदृढ़ बनी रहे। तीन स्तंभों - पहुँच, गुणवत्ता और सस्ती कीमत - पर ध्यान केंद्रित करके, पीएमबीजेपी ने लाखों लोगों के चिकित्सा खर्च को काफी हद तक कम कर दिया है। निरंतर संस्थागत समर्थन, लोगों की बढ़ती जागरूकता और अवसंरचनात्मक सुधारों के साथ, हर जिले में जनऔषधि केंद्र का सपना अब दूर की आकांक्षा नहीं, बल्कि यह ठोस रूप ले चुका है और वास्तविकता के करीब है। 'विकसित भारत ञ्च2047' दृष्टि के तहत मुख्य ध्यान इस बात पर है कि हर किसी के लिए एक सुदृढ़, न्यायसंगत और किफायती स्वास्थ्य सेवा प्रणाली बनाई जाए। इसमें बेहतर अस्पताल, कम चिकित्सा खर्च, उपचार तक आसान पहुंच और सस्ती दवाओं की उपलब्धता शामिल हैं। बहु-क्षेत्रीय सहयोगों के जरिये, पीएमबीजेपी ने यह साबित किया है कि सही संस्थागत दृष्टि के साथ, स्वास्थ्य सेवा उच्च गुणवत्ता युक्त और सार्वभौमिक रूप से सुलभ दोनों हो सकती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि यह परियोजना प्रगति करती रहे और किफायती स्वास्थ्य सेवा के वैश्विक मॉडल के रूप में अपनी स्थिति को निरंतर बनाए रखे।

**(लेखक केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण और रसायन एवं उर्वरक मंत्री हैं)**

# एआई के साथ बदलता भारत:10,300 करोड़ से अधिक का निवेश और 38,000 ग्राफ़िक्स प्रोसेसिंग यूनिट ( जीपीयू ) समावेशी नवाचार को सक्षम बना रहे हैं........

- इंडियाएआई मिशन के लिए पांच वर्षों के दौरान 10,300+ करोड़ आवंटित, 38,000 जीपीयू तैनात।
- प्रौद्योगिकी और एआई इकोसिस्टम में 60 लाख लोग काम कर रहे हैं।
- इस वर्ष भारतीय प्रौद्योगिकी क्षेत्र में राजस्व के 280 बिलियन का आंकड़ा पार कर जाने का अनुमान है।
- वर्ष 2035 तक एआई भारत की अर्थव्यवस्था में 1.7 ट्रिलियन जोड़ सकता है।

**भूमिका**

भारत कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) द्वारा संचालित एक नए युग की कगार पर खड़ा है, जहाँ प्रौद्योगिकी ज़िन्दगियां बदल रही है और देश की प्रगति को आकार दे बना रही है। एआई अब केवल शोध प्रयोगशालाओं या बड़ी कंपनियों तक ही सीमित नहीं है। यह हर स्तर पर नागरिकों तक पहुँच रहा है। दूरदराज़ के क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा तक पहुँच को बेहतर बनाने से लेकर किसानों को फसल के बारे में पूरी जानकारी के साथ निर्णय लेने में मदद करने तक, एआई दैनिक जीवन को सरल, स्मार्ट और अधिक कनेक्टेड बना रहा है। यह व्यक्तिगत शिक्षा के माध्यम से कक्षाओं में क्रांति ला रहा है, शहरों को साफऔर सुरक्षित बना रहा है, और तेज, डेटा-आधारित शासन के माध्यम से सार्वजनिक सेवाओं को बेहतर बना रहा है। इंडियाएआई मिशन और एआई उत्कृष्टता केंद्र जैसी पहलें इस परिवर्तन के केंद्र में हैं। ये कंप्यूटिंग पॉवर तक पहुँच का विस्तार कर रही हैं, अनुसंधान का समर्थन कर रही हैं, और स्टार्टअप्स तथा संस्थानों को ऐसे समाधान तैयार करने में मदद कर रही हैं, जिनसे लोगों को सीधे लाभ पहुँचे। भारत का दृष्टिकोण एआई को खुला, किफायती और सुलभ बनाने पर केंद्रित है, यह सुनिश्चित करते हुए कि नवाचार समाज को समग्र रूप से उन्नत करे।

**कृत्रिम बुद्धिमत्ता क्या है**- कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) वह क्षमता है जो मशीनों को ऐसे कार्य करने में सक्षम बनाती है जिनके लिए सामान्यत: मानव बुद्धिमत्ता की आवश्यकता होती है। यह सिस्टम्स को अनुभव से सीखने, नई परिस्थितियों के अनुकूल ढलने, और जटिल समस्याओं को स्वतंत्र रूप से हल करने में सक्षम बनाती है। एआई डेटा सेट, एल्गोरिदम और बड़े भाषा मॉडल का उपयोग करके जानकारी का विश्लेषण करता है, पैटर्न पहचानता है, और प्रतिक्रियाएँ उत्पन्न करता है। समय के साथ, ये सिस्टम्स अपनी प्रदर्शन क्षमता में सुधार करती हैं, जिससे वे मनुष्यों के समान तर्क कर सकें, निर्णय ले सकें, और संवाद कर सकें। यह समावेशी दृष्टिकोण नीति आयोग की रिपोर्ट, समावेशी सामाजिक विकास के लिए एआई (अक्टूबर 2025) में भी परिलक्षित होता है। रिपोर्ट दिखाती है कि कैसे एआई भारत के 49 करोड़ अनौपचारिक श्रमिकों को स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, कौशल विकास, और वित्तीय समावेशन तक पहुँच प्रदान करके सशक्त बना सकता है। यह रेखांकित करती है कि एआई-आधारित उपकरण लाखों ऐसे लोगों की उत्पादकता और लचीलेपन को बढ़ा सकते हैं, जो भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। रिपोर्ट इस बात पर भी जोर देती है कि प्रौद्योगिकी गहरी सामाजिक और आर्थिक खाइयों को पाट सकती है, यह सुनिश्चित करते हुए कि एआई के लाभ हर नागरिक तक पहुँचें।

**वर्तमान में भारत में एआई इकोसिस्टम**- भारत का प्रौद्योगिकी क्षेत्र तेजी से विस्तार कर रहा है, इस वर्ष इसके वार्षिक राजस्व के 280 बिलियन अमेरिकी डॉलर का आंकड़ा पार कर जाने का अनुमान है। प्रौद्योगिकी और एआई इकोसिस्टम में 60 लाख से अधिक लोग काम कर रहे हैं। देश में 1,800 से अधिक वैश्विक क्षमता केंद्र हैं, जिनमें 500 से अधिक एआई पर केंद्रित हैं। भारत में लगभग 1.8 लाख स्टार्टअप्स हैं, और पिछले वर्ष लॉन्च हुए नए स्टार्टअप्स में से लगभग 89त्न ने अपने उत्पादों या सेवाओं में एआई का उपयोग किया। नैसकॉम (NASSCOM) एआई एडॉप्शन इंडेक्स पर, भारत ने 4 में से 2.45 अंक प्राप्त किए हैं, जिससे पता चलता है कि 87त्न उद्यम सक्रिय रूप से एआई समाधान का उपयोग कर रहे हैं। एआई अपनाने में अग्रणी क्षेत्र हैं: औद्योगिक और ऑटोमोटिव, उपभोक्ता वस्तुएँ और खुदरा क्षेत्र, बैंकिंग, वित्तीय सेवाएँ तथा बीमा और स्वास्थ्य सेवा। ये मिलकर एआई के कुल मूल्य का लगभग 60 प्रतिशत का योगदान करते हैं। हाल ही में किए गए एक बीसीजी सर्वेक्षण के अनुसार, लगभग 26त्न भारतीय कंपनियों ने बड़े पैमाने पर एआई परिपक्वता हासिल कर ली है। जैसे-जैसे भारत एक समावेशी एआई इकोसिस्टम का निर्माण कर रहा है, इसकी बढ़ती वैश्विक मान्यता इस प्रगति को दर्शाती है। स्टैनफोर्ड एआई सूचकांक जैसी रैंकिंग भारत को एआई कौशल, क्षमताओं और नीतियों में शीर्ष चार देशों में स्थान देती है। देश गिटहब पर एआई परियोजनाओं में दूसरा सबसे बड़ा योगदानकर्ता भी है, जो इसके डेवलपर समुदाय की ताकत को उजागर करता है। एक मजबूत स्ञ्चश्वरू (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, अभियांत्रिकी, गणित) कार्यबल, विस्तृत अनुसंधान इकोसिस्टम, और बढ़ती डिजिटल अवसंरचना के साथ, भारत आर्थिक विकास, सामाजिक प्रगति, और 2047 तक विकसित भारत के दीर्घकालिक विज़न को साकार करने हेतु एआई का उपयोग करने के लिए खुद को तैयार कर रहा है।

**भारत दुनिया का तीसरा सबसे एआई-प्रतिस्पर्धी देश है**- स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय के 2025 ग्लोबल एआई वाइब्रेंसी टूल की रिपोर्ट के अनुसार, भारत ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता प्रतिस्पर्धात्मकता में वैश्विक स्तर पर तीसरा स्थान हासिल किया है। यह रैंकिंग वैश्विक एआई परिदृश्य में भारत के तेज़ विकास को उजागर करती है। रिपोर्ट 2017 से 2024 तक एआई विकास और नवाचार को मापती है। यह हालिया उपलब्धि भारत की तेजी से बढ़ती एआई प्रतिभा, मजबूत अनुसंधान क्षमताओं, जीवंत स्टार्टअप इकोसिस्टम, निवेश और आर्थिक प्रभाव, अवसंरचना, और नीति तथा शासन को रेखांकित करती है।

**इंडिया एआई मिशन**- भारत में एआई बनाना और एआई को भारत के लिए कारगर बनाना के विज़न से प्रेरित होकर, कैबिनेट ने मार्च 2024 में इंडियाएआई मिशन को मंज़ूरी दी, जिसका पांच वर्षों के लिए बजट 10,371.92 करोड़ है। यह मिशन भारत को कृत्रिम बुद्धिमत्ता में वैश्विक नेता बनाने की दिशा में एक निर्णायक कदम है। अपने लॉन्च से ही, मिशन ने देश की कंप्यूटिंग अवसंरचना के विस्तार में मजबूत प्रगति की है। 10,000 जीपीयू के प्रारंभिक लक्ष्य से, भारत ने अब 38,000 जीपीयू हासिल कर लिए हैं, जो विश्व-स्तरीय एआई संसाधनों तक किफायती पहुँच प्रदान करते हैं।

**जीपीयू क्या है**- जीपीयू या ग्राफ़िक्स प्रोसेसिंग यूनिट एक शक्तिशाली कंप्यूटर चिप है जो मशीनों को तेज़ी से सोचने, छवियों को संसाधित करने, एआई प्रोग्राम चलाने, और जटिल कार्यों को सामान्य प्रोसेसर की तुलना में अधिक कुशलता से संभालने में मदद करती है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तहत एक स्वतंत्र व्यापार प्रभाग, इंडियाएआई द्वारा कार्यान्वित यह मिशन एक व्यापक इकोसिस्टम का निर्माण कर रहा है जो नवाचार को प्रोत्साहित करता है, स्टार्टअप्स को समर्थन देता है, डेटा तक पहुँच को मजबूत करता है, और सार्वजनिक हित के लिए एआई का जिम्मेदार उपयोग सुनिश्चित करता है।

इंडियाएआई मिशन के सात स्तंभ हैं:

**1. इंडियाएआई कंप्यूट स्तंभ**- यह स्तंभ किफायती लागतों पर उच्च-स्तरीय जीपीयू उपलब्ध कराता है। जैसा कि पहले बताया गया, 38,000 से अधिक जीपीयू शामिल किए गए हैं। ये जीपीयू केवल 65 प्रति घंटा की सब्सिडी दर पर उपलब्ध हैं।

**2. इंडियाएआई एप्लिकेशन डिवेलपमेंट पहल**- यह स्तंभ विशिष्ट रूप से भारत की चुनौतियों के लिए एआई एप्लीकेशन विकसित करता है। इसमें स्वास्थ्य सेवा, कृषि, जलवायु परिवर्तन, शासन, और सहायक शिक्षण प्रौद्योगिकियां शामिल हैं। जुलाई 2025 तक तीस एप्लीकेशंस को मंजूरी दी गई है। मंत्रालयों और संस्थानों के साथ क्षेत्र-विशिष्ट हैकथॉन आयोजित किए जाते हैं। उदाहरण के लिए, साइबरगार्ड एआई हैकथॉन साइबरसुरक्षा के लिए एआई समाधान विकसित करने में मदद करता है।

**3. एआईकोश (डेटासेट प्लेटफ़ॉर्म)**- एआईकोश एआई मॉडल्स के प्रशिक्षण के लिए बड़े डेटासेट विकसित करता है। यह सरकारी और गैर-सरकारी स्रोतों से डेटा एकीकृत करता है। इस प्लेटफ़ॉर्म में 20 क्षेत्रों में 5,500 से अधिक डेटासेट और 251 एआई मॉडल्स हैं। ये संसाधन डेवलपर्स को बुनियादी मॉड्यूल बनाने के बजाय एआई समाधान पर ध्यान केंद्रित करने में मदद करते हैं। दिसंबर 2025 तक प्लेटफ़ॉर्म पर 385,000 से अधिक विज़िट्स, 11,000 पंजीकृत उपयोगकर्ता, और 26,000 डाउनलोड हुए हैं।

**4. इंडियाएआई फाउंडेशन मॉडल्स**- यह स्तंभ भारतीय डेटा और भाषाओं का उपयोग करके भारत के अपने बड़े मल्टीमॉडल मॉडल्स विकसित करता है। यह जनरेटिव एआई में संप्रभु क्षमता और वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता सुनिश्चित करता है। इंडियाएआई को 500 से अधिक प्रस्ताव प्राप्त हुए। पहले और दूसरे चरण में बारह स्टार्टअप्स को चुना गया: सर्वम् एआई, सॉकेट एआई, ज्ञानी एआई, गण एआई, अवतार एआई, आईआईटी बॉम्बे कंसोर्टियम ङ्क भारतजेन, ज़ेंटीक (Zenteiq), जेन लूप, इंटेलिहेल्थ, शोध एआई, फ्रैक्टल एनालिटिक्स, टेक महिंद्रा मेकर्स लैब।

**5. इंडियाएआई फ़्यूचर स्किल्स**- यह स्तंभ एआई-कुशल पेशेवर तैयार करता है। 500 पीएचडी फेलो, 5,000 स्नातकोत्तर और 8,000 स्नातकों को समर्थन प्रदान किया जाता है। जुलाई 2025 तक 200 से अधिक छात्रों को फेलोशिप मिली। 73 संस्थान पीएचडी छात्रों को शामिल कर रहे हैं। टियर 2 और टियर 3 शहरों में डेटा और एआई लैब्स स्थापित की जा रही हैं। 31 लैब एनआईईएलआईटी और उद्योग साझेदारों के साथ लॉन्च की गई हैं। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने लैब के लिए 174 आईटीआई और पॉलिटेक्निक को नामित किया है।

**6. इंडियाएआई स्टार्टअप वित्तपोषण**- यह स्तंभ एआई स्टार्टअप्स को वित्तीय सहायता प्रदान करता है। इंडियाएआई स्टार्टअप्स ग्लोबल प्रोग्राम मार्च 2025 में लॉन्च किया गया। यह 10 भारतीय स्टार्टअप्स को स्टेशन एफ और एचईसी पेरिस के सहयोग से यूरोपीय बाजार तक विस्तृत करने में मदद करता है।

**7. सुरक्षित और विश्वसनीय एआई**- यह स्तंभ मजबूत शासन के साथ जिम्मेदार एआई एडॉप्शन सुनिश्चित करता है। रुचि पत्र (एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट) के माध्यम से 13 परियोजनाओं को चुना और प्रारंभ किया गया है। ये मशीन अनलर्निंग, पूर्वाग्रह शमन, निजता-संरक्षित मशन लर्निंग, व्याख्यात्मकता, ऑडिटिंग, और शासन परीक्षण पर केंद्रित हैं। 9 मई 2025 को साझेदार संस्थानों को इंडियाएआई सुरक्षा संस्थान में शामिल होने के लिए एक अतिरिक्त रुचि पत्र प्रकाशित किया गया।

**इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2025 में एआई**- 9वें इंडिया मोबाइल कांग्रेस - जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 8 अक्टूबर 2025 को यशोभूमि, नई दिल्ली में किया - में कृत्रिम बुद्धिमत्ता का मुख्य स्थान रहा। दूरसंचार विभाग और सीओएआई द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम 8 से 11 अक्टूबर तक इनोवेट टू ट्रांसफॉर्म थीम के तहत आयोजित किया गया। आईएमसी 2025 में छह प्रमुख वैश्विक सम्मेलन शामिल हैं, जिनमें अंतरराष्ट्रीय एआई सम्मेलन भी शामिल है, जिसने नेटवर्क, सेवाओं, और अगली पीढ़ी की डिजिटल अवसंरचना में एआई की परिवर्तनकारी भूमिका को उजागर किया। एआई, 5त्न, 6त्न, स्मार्ट मोबिलिटी, साइबरसुरक्षा, क्वांटम कंप्यूटिंग, और ग्रीन टेक्नोलॉजी में 1,600 से अधिक नए उपयोग-मामले 100+ सत्रों और 800+ वक्ताओं के माध्यम से प्रदर्शित किए गए। इस कार्यक्रम में 150 देशों से 1.5 लाख से अधिक आगंतुक, 7,000 वैश्विक प्रतिनिधि, और 400 कंपनियाँ शामिल हुईं। एआई और डिजिटल प्रौद्योगिकी के भविष्य को आकार देने के लिए यह कार्यक्रम नवप्रवर्तकों, स्टार्टअप्स, नीति निर्माताओं और उद्योग के नेताओं को एक साथ लेकर आया।

**अन्य प्रमुख सरकारी पहलें और नीतिगत प्रोत्साहन**- भारत सरकार परिवर्तनकारी पहलों की एक श्रृंखला के माध्यम से अपने एआई विज़न को कार्य रूप दे रही है। ये प्रयास एक मजबूत एआई इकोसिस्टम बनाने, नवाचार को प्रोत्साहित करने, और यह सुनिश्चित करने पर केंद्रित हैं कि प्रौद्योगिकी समाज के हर वर्ग के काम आए। विश्व-स्तरीय अनुसंधान केंद्र बनाने से लेकर देशज एआई मॉडल विकसित करने तक, सरकार का दृष्टिकोण नीति, अवसंरचना, और क्षमता निर्माण को समान रूप से संयोजित करता है।

**एआई उत्कृष्टता केंद्र**- अनुसंधान-आधारित नवाचार को प्रोत्साहित करने के लिए, सरकार ने स्वास्थ्य सेवा, कृषि, और टिकाऊ शहरों जैसे प्रमुख क्षेत्रों में तीन उत्कृष्टता केंद्र (ष्टशश्वह्य) स्थापित किए हैं। शिक्षा के लिए चौथा उत्कृष्टता केंद्र बजट 2025 में घोषित किया गया। ये केंद्र सहयोगात्मक स्थान के रूप में डिज़ाइन किए गए हैं जहाँ अकादमिक, उद्योग, और सरकारी संस्थान मिलकर स्केलेबल एआई समाधान विकसित करते हैं। इसके साथ ही, पांच राष्ट्रीय कौशल उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किए गए हैं, जिससे युवाओं को उद्योग-संगत एआई कौशल के साथ तैयार किया जा सके और भविष्य के लिए तैयार कार्यबल विकसित किया जा सके। **एआई दक्षता ढांचा**- यह ढांचा सरकारी अधिकारियों के लिए संरचित प्रशिक्षण प्रदान करता है, जिससे वे आवश्यक एआई कौशल प्राप्त कर सकें और उन्हें नीति निर्माण और शासन में लागू कर सकें। वैश्विक मानकों के अनुरूप डिज़ाइन किया गया, यह ढांचा सुनिश्चित करता है कि भारत का सार्वजनिक क्षेत्र सूचित, चुस्त, और एआई-प्रेरित भविष्य के लिए तैयार रहे।

**सर्वम् एआई: स्मार्टर आधार सेवाएँ**- सर्वम् एआई, बेंगलुरु स्थित कंपनी, उन्नत एआई अनुसंधान को व्यावहारिक शासन समाधानों में परिवर्तित कर रही है। यूनीक आइडेंटिफिकेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया (यूआईडीएआई) के साथ साझेदारी में, यह जनरेटिव एआई का उपयोग करके आधार सेवाओं को अधिक स्मार्ट और सुरक्षित बना रही है। अप्रैल 2025 में, सर्वम् एआई को भारत का संप्रभु एलएलएम इकोसिस्टम बनाने की मंज़ूरी मिली, जो एक ओपन-सोर्स मॉडल है और सार्वजनिक सेवा वितरण को बेहतर बनाने और डिजिटल भरोसे को बढ़ावा देने के लिए डिज़ाइन किया गया है। **भाषिणी: डिजिटल समावेशन के लिए आवाज़**-भाषिणी एक एआई-संचालित प्लेटफ़ॉर्म है जो कई भारतीय भाषाओं में अनुवाद और संभाषण उपकरण प्रदान करके भाषा की बाधाओं को तोड़ता है। यह नागरिकों को आसानी से डिजिटल सेवाएं उपयोग करने में मदद करता है, भले ही वे पढ़ने-लिखने में सहज न हों।

# सतोदय तीर्थ पंचकल्याणकः बालक तीर्थंकर के जन्मोत्सव पर उमडा श्रद्धा का सैलाव भव्य शोभायात्रा पहुंची पाण्डुकशिला, श्रद्धालुओं द्वारा हुआ जलाभिषेक



**ललितपुर (विश्व परिवार)।** सतोदय तीर्थ सेरोन में तीर्थचक्रवर्ती निर्यापक मुनि सुधासागर महाराज के ससंघ सानिध्य में पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में बालक तीर्थंकर के जन्म और भव्य जलूस में श्रद्धा और भक्ति का अद्वितीय दृश्य रहा जहां बालक तीर्थंकर के जन्म पर भक्ति का अनूठा नजारा रहा। बालक तीर्थंकर की भव्य शोभायात्रा में सौधर्म इन्द्र समेत प्रतिष्ठा महोत्सव के प्रमुख पात्र विशेष वाहनों से पाण्डुकवन पहुंचे जहां 1008 कलशों से इन्द्रों ने जलाभिषेक किया।

प्रात:काल तीर्थंकर वालक के जन्मोत्सव पर अयोध्यानगरी से पांण्डुक शिला की ओर निकली जिसमें सौधर्म इन्द्र सतीश जैन बजाज अपनी सची इन्द्राणी अनुपमा के साथ ऐरावत हाथी पर सवार होकर तीनलोक के नाथ तीर्थंकर बालक को आगे आगे लेकर चल रहे थे उनके पीछे धर्म ध्वजा लेकर धनकुवेर सिंघई मनोज जैन अपनी धर्मश्री सीमा जैन के साथ रत्न वर्षाते हुए हाथी पर सवार थे। दिव्यघोष और महिला मण्डल स्वयंसेवी संस्थाए जहां उत्साह में भक्ति में सराबोर थी वहीं प्रतिष्ठामहोत्सव के महायज्ञनायक सुमन विमल जैन, ममता अमित जैन वल्ली डोंगरा भरत चक्रवर्ती, विजय जैन लागौन बाहुबलि, नीतेश जैन विलौआ जखौरा राजा सोम, देवेन्द्र कुमार मंजू जैन राजा श्रयांस, पवन जैन बाबा मार्वल ईशान इन्द्र, समता जैन आनंद जैन साइ ?किल सानत इन्द्र,ब्राहमेन्द्र रुवी जैन संजय मोदी, विधियज्ञनायक राजू जैन मडावरा महामण्डलेश्वर राजीव जैन पीहर साडी सहित प्रमुख पात्र विशेष वाहनों में प्रभु भक्ति के साथ जन्मोत्सव की भव्य शोभायात्रा में थे। पाण्डुकशिला पर तीर्थंकर चालक का जलाभिषेक सौधर्म इन्द्र सहित सभी इन्द्रों ने कर पुण्यार्जन किया। इसके पूर्व प्रतिष्ठाचार्य बालब्रहमचारी प्रदीप जैन सुयश के मार्गदर्शन में इन्द्रसभा हुई जिसमें तीर्थंकर वालक के जन्मोत्सव पर वधाईयां हुई जिसमें उपस्थित जनसमुदाय भक्ति में झूम उठा। धर्मसभा में निर्यापक मुनि सुधासागर महाराज ने पंचकल्याणक की महिमा बताई और कहा यह आत्मकल्याण का वह मौका है जिसमें प्रभु के जन्म को पाकर नारी पर्याय जहां धन्य होती है। ऐसे धार्मिक अनुष्ठानों में हमेशा सम्मलित होकर जीवन में कुछ संकल्प लेने के लिए मुनि श्री से प्रेरित किया। सायंकाल जिज्ञासा समाधान में जहां श्रावकों द्वारा निर्यापक श्रमण मुनि के सम्मुख अपनी जिज्ञासा का सामाधान पाया। वहीं इसके उपरान्त इन्द्रसभा में सौधर्म इन्द्र द्वारा तांडव नृत्य, तीर्थंकर वालक का पालना झूला झुलाकर श्रावकों ने पुर्याजन किया वहीं तीर्थंकर वालक की मनोहारी बालकीड़ा में नन्हें मुन्हे बच्चे सम्मलित हुए।

# बड़े बाबा के रंग में रंगने पहुंचे देश के कोने कोने से हजारों श्रद्धालु भक्त



**कुण्डलपुर दमोह।** सुप्रसिद्ध सिद्धक्षेत्र जैनतीर्थ कुण्डलपुर में होली धुलेंडी के पावन पर्व पर देश के कोने-कोने से हजारों श्रद्धालु भक्त कुण्डलपुर पहुंचे। श्रद्धालु भक्तों ने पूज्य बड़े बाबा के दर्शन अभिषेक, शांतिधारा ,पूजन कर अपने जीवन को धन्य किया। प्रचारमंत्री जयकुमार जैन %जलज% ने बताया कि प्रभु भक्ति के रंग, गुरु भक्ति के रंग में स्वयं को रंगने, हमारी दृष्टि ,वृत्ति ,कृत्ति सब आत्मिक हो, विश्व बंधुत्व की भावना युक्त हो,जला कर्मों की होली, जीवन को दिव्यता से भर लें ,पवित्रता को अपनानें की भावना के साथ इस अवसर पर प्रथम अभिषेक ,शांतिधारा, रिद्धि कलश करने का सौभाग्य मनोज मनीष मयंक मेहुल जैन चूड़ी वाले रायपुर, सुनीलकुमार विशाल ऋतिक सुमित जैन बड़ोत, पंकज प्रकाश संजय नवापारा राजिम ,आकाश अक्षत अंकुश जैन बहराइच, सुरेंद्र किरण देवी निरंजन कुमार पाटनी परिवार दिल्ली, राजकुमार विकास अवन्य जैन रायपुर, मीना सुनील आईएएस आयुषी विपुल आकांक्षा अतिक्ष सिरोंज, शशांक कौशल जैन सिवनी, रिषभ रंजन संजीव जैन सिरसागंज के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तों ने सौभाग्य प्राप्त किया। सायंकाल भक्तामर दीप अर्चना एवं पूज्य बड़े बाबा की संगीतमय महाआरती के भव्य आयोजन में श्रद्धालु भक्तों ने भक्ति मय वातावरण में आरती नृत्य कर आनंद लिया। इस अवसर पर कुण्डलपुर क्षेत्र कमेटी पदाधिकारी सदस्यों की उपस्थिति रही।

# कलेक्टर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कसडोल का किया निरीक्षण



**बलौदाबाजार (विश्व परिवार)।** कलेक्टर कुलदीप शर्मा आज कसडोल विकासखंड के भ्रमण पर निकले। उन्होने कसडोल स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का गहन निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान दवा वितरण केन्द्र में एक ही फार्मासिस्ट होने के कारण मरीजों को दवा प्राप्त करने में हो रही समस्या को दूर करने जीवन दीप समिति से 2 फार्मासिस्ट की व्यवस्था करने तथा मेल एवं फीमेल वार्ड को पृथक-पृथक संचालित कर शौचालय को स्वच्छ रखने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने अस्पताल के ओपीडी में पंजीयन व्यवस्था सहित सभी कक्षों का निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल में सोनोग्राफी की सुविधा दो दिन से बढाकर महीने में तीन दिन 7,14 एवं 21 तारीख को उपलब्ध कराने कहा। कुष्ठ रोग क़क्ष में एक मरीज को मेडिकल किट व चप्पल वितरण किया। दवा भण्डारण क़क्ष में उपलब्ध दवाई की सूची, कालातीत दवाइयां को अलग करने की अवधि आदि की जानकारी ली। आपातकालीन क़क्ष के निरीक्षण के दौरान एक कर्मचारी अनुपस्थित रहे जिसे नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने एनआरसी क़क्ष में भर्ती कुपोषित बच्चों की जानकारी ली और उन्हें निर्धारित डायट चार्ट अनुसार समय पर पूरक पोषण आहार देने के निर्देश दिये। फिजियोथिरेपी क़क्ष में उपचारत मरीजों से उपलब्ध सुविधाओं के बारे में पूछताछ की।

# कानपुर में प्रथमबार 'सिद्धचक्र विधान' राष्ट्रीय विद्वत्संगोष्ठी का भव्य आयोजन



**कानपुर (विश्व परिवार)।** सहस्त्रफणी पार्श्वनाथ धाम, सीसामऊ, कानपुर में 'सिद्धचक्र विधान' के अंतर्गत प्रथमबार द्विदिवसीय राष्ट्रीय विद्वत्संगोष्ठी का आयोजन 28 फरवरी एवं 1 मार्च 2026 को अत्यंत श्रद्धा, गरिमा एवं विद्वत् वातावरण में संपन्न हुआ। संगोष्ठी में जैन आगम, अध्यात्म, मंत्र-विज्ञान तथा कर्म-सिद्धांत की दृष्टि से सिद्धचक्र विधान के विविध आयामों पर देश के प्रतिष्ठित विद्वानों ने अपने शोधपरक विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का उद्देश्य सिद्धचक्र विधान की दार्शनिक, आध्यात्मिक तथा साधनात्मक महत्ता को समाज के समक्ष प्रामाणिक रूप में प्रतिपादित करना रहा।

# भारत की समृद्ध विरासत ही हमारी ताकतः राज्यपाल

**रायपुर(विश्व परिवार)।** भारत की समृद्ध विरासत हमारी सबसे बड़ी ताकत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से प्रारंभ हुआ 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' अभियान इसी एकता और सांस्कृतिक समृद्धि का सशक्त प्रतीक है। राज्यपाल श्री रमेन डेका ने लोकभवन में आज 5 राज्यों के स्थापना दिवस समारोह पर उक्त विचार व्यक्त किए। राज्यपाल ने असम, मणिपुर, मेघालय, त्रिपुरा और उत्तरप्रदेश के स्थापना दिवस के अवसर पर कहा कि यह पहल केवल सांस्कृतिक आदान-प्रदान नहीं, बल्कि भावनात्मक एकीकरण का माध्यम है।

केन्द्र सरकार के एक भारत-श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के तहत विविधता में एकता की भावना को बढ़ावा देने के लिए सभी राज्य एक दूसरे का स्थापना दिवस मनाते है।

# तहसील कार्यालय में लगी आग पर दमकल टीम ने पाया काबू, दस्तावेज सुरक्षित



**बलौदाबाजार (विश्व परिवार)।** बलौदाबाजार स्थित पुराने तहसील कार्यालय के एक किनारे में शुक्रवार को तड़के करीब 4 बजे अचानक आग लग गई। जिससे रिकॉर्ड रूम के कुछ हिस्से में आग फैल गई। आग पर काबू पाने प्रशासन व सीमेंट सयंत्र की दमकल टीम द्वारा मौक़े पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया गया। दस्तावेजों को सुरक्षित निकाल लिया गया। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने मौक़े पर पहुंचकर घटना का जायजा लिया और अधिकारियो को जरुरी निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि जांच टीम गठित कर आग लगने के कारण की जांच कराएं। भवन ऐतिहासिक धरोहर है इसलिए इसको सुरक्षित रखना है। क्षतिग्रस्त हिस्से का मरम्मत कर पुनर्रोद्धार हेतु प्राक्कलन तैयार करने एवं तकनीकी व प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही जिला मुख्यालय एवं विकासखंड मुख्यालयों में स्थित पुराने शासकीय भवनों में विद्युत वायरिंग की जांच हेतु विद्युत विभाग के अधिकारियो की टीम गठित कर जांच कराने और प्रमाण पत्र देने के निर्देश दिये। बताया गया कि पुराने एसडीओपी कार्यालय की ओर से पहले आग लगी जो धीरे धीरे तहसील कार्यालय के रिकार्ड रूम, नायब तहसीलदार कोर्ट की ओर फैली। दमकल टीम द्वारा जल्द आग पर काबू पा लिया गया। यह तहसील भवन 1907 में करीब 851 वर्गमीटर क्षेत्र में निर्मित हुआ है। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर अवध राम टंडन, एसडीएम प्रकाश कोरी, तहसीलदार निवेश कोरेटी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
**अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone10@gmail.com**

पत्र क्र./29041/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2026
रायपुर, दिनांक 06-03-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 29041**
**वार्ड का नाम- 50 - पं. विद्याचरण शुक्ल वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 50 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR445G0120A** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **PRIYAMVADA DAVE W/O VIJAY KUMAR DAVE** पिता/पति, श्री/श्रीमती ... के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **RAVI GANGWANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **KHILLUMAL GANGWANI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री विवेकानन्द दुबे**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-(10)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
**अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone10@gmail.com**

पत्र क्र./29024/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2026
रायपुर, दिनांक 06-03-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 29024**
**वार्ड का नाम- 54 - कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 54 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR652R00524** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **TANKESHWARI SAMUND** पिता/पति, श्री/श्रीमती **ROSHAN MISHRA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1. INDRAJIT DAS 2. SUMIT DAS 3. SURJIT DAS** पिता/पति, श्री/श्रीमती **TAPAN DAS**ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री विवेकानन्द दुबे**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-(10)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
**अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone10@gmail.com**

पत्र क्र./ 29020/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2026
रायपुर, दिनांक 06-03-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 29020**
**वार्ड का नाम- 54 - कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 54 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR652I00112** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **GOVT LAND KABIJ - SANTRAM SONWANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LT. ANANT RAM SONWANI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **LAXMI BAI SONWANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SANTRAM SONWANI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री विवेकानन्द दुबे**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-(10)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
**अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone10@gmail.com**

पत्र क्र./28960/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2026
रायपुर, दिनांक 06-03-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 28960**
**वार्ड का नाम- 54 - कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 54 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR652N01136** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **MS AYUSH CONSTRUCTION DWARA BHAGIDAR DILESHWAR SONWANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **KALAM PRASAD SONWANI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1. SEEMA CHELAK 2.JAISWAL CHELAK** पिता/पति, श्री/श्रीमती **1. JAISWAL CHELAK 2. MATTULAL CHELAK** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री विवेकानन्द दुबे**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-(10)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
**अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone10@gmail.com**

पत्र क्र./28956 / न.पा.नि./जोन क्र.-10/2026
रायपुर, दिनांक 06-03-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 28956**
**वार्ड का नाम- 54 - कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 54 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR652N00620** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **OMKAR SINGH SAHU** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LT. SHIVCHARAN SAHU** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SURAJ KUMAR SAHU** पिता/पति, श्री/श्रीमती **GEETA PRASAD** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री विवेकानन्द दुबे**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-(10)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
**अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone10@gmail.com**

पत्र क्र./29111/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2026
रायपुर, दिनांक 06-03-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 29111**
**वार्ड का नाम- 52 - डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 52 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR446L00739** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **NARESH KUMAR ISRANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LT.L.M.ISRANI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **KOMAL KHILNANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SURESH KHILNANI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री विवेकानन्द दुबे**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-(10)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
**अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone10@gmail.com**

पत्र क्र./29093/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2026
रायपुर, दिनांक 06-03-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 29093**
**वार्ड का नाम- 54 - कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 54 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR652I00419** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **LALITA SAHU** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LT. DEVDAS SAHU** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **ABDUL IMRAN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **ABDUL SATTAR** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री विवेकानन्द दुबे**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-(10)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
**अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone10@gmail.com**

पत्र क्र./29052/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2026
रायपुर, दिनांक 06-03-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 29052**
**वार्ड का नाम- 50 - पं. विद्याचरण शुक्ल वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 50 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR446Q01124** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **RAJESH TEMBUNIKAR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SURESH TEMBUNIKAR** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SHIKHA YADAV** पिता/पति, श्री/श्रीमती **RAJENDRA KUMAR YADAV** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री विवेकानन्द दुबे**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-(10)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
**अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone10@gmail.com**

पत्र क्र./29051/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2026
रायपुर, दिनांक 06-03-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 29051**
**वार्ड का नाम- 50 - पं. विद्याचरण शुक्ल वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 50 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR446Q01077** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SANTOSH KUMAR SWAIN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **P. K. SWAIN** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **RAJENDRA KUMAR YADAV** पिता/पति, श्री/श्रीमती **KUBER PRASAD YADAV** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री विवेकानन्द दुबे**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-(10)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
**अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone10@gmail.com**

पत्र क्र./29050/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2026
रायपुर, दिनांक 06-03-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 29050**
**वार्ड का नाम- 54 - कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 54 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR652N00026** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **ADITYA SEN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **ASHOK KUMAR SEN** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **KHIRODI THAKUR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SHARAD THAKUR** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री विवेकानन्द दुबे**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-(10)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
**अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone10@gmail.com**

पत्र क्र./29048/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2026
रायपुर, दिनांक 06-03-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 29048**
**वार्ड का नाम- 50 - पं. विद्याचरण शुक्ल वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 50 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR445G0120C** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **PRIYAMVADA DAVE W/O VIJAY KUMAR DAVE** पिता/पति, श्री/श्रीमती .... के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **NITIN GANWANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **MAHESH KUMAR GANGWANI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री विवेकानन्द दुबे**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-(10)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
**अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone10@gmail.com**

पत्र क्र./29046/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2026
रायपुर, दिनांक 06-03-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 29046**
**वार्ड का नाम- 50 - पं. विद्याचरण शुक्ल वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 50 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR445G0120B** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **PRIYAMVADA DAVE W/O VIJAY KUMAR DAVE** पिता/पति, श्री/श्रीमती .... के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **RUPESH KUMAR GANGWANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **KHILLUMAL GANGWANI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री विवेकानन्द दुबे**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-(10)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
**अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone10@gmail.com**

पत्र क्र./29044 / न.पा.नि./जोन क्र.-10/2026
रायपुर, दिनांक 06-03-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 29044**
**वार्ड का नाम- 50 - पं. विद्याचरण शुक्ल वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 50 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR445G00120** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **PRIYAMVADA DAVE** पिता/पति, श्री/श्रीमती **VIJAY KUMAR DAVE** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **DILIP KUMAR GANWANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **KHILLUMAL GANGWANI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री विवेकानन्द दुबे**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-(10)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
# विश्व परिवार

छत्तीसगढ़

रायपुर, शनिवार 07 मार्च 2026



# यादव समाज का वोट लेकर राजनीतिक पार्टियां हमेशा अपना हित साधती है गोवर्धन करहा पूजा पर बोले - प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु

गोपाल सिंह विद्रोही





**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )** धर्म हित में हमेशा यादव समाज ने लाठी और बीड़ा उठाई है, धर्म हित कि लड़ाई हमेशा चलता रहेगा द्य आप सभी संगठित रहें और इस तरीके का आयोजन गांव - गांव में हो जिससे यादव समाज अपनी संस्कृति और परंपरा को आज के परिवेश में लोगों तक पहुंचा सके

उगताशय का उद्गार यादव सर्व यादव महासभा के प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदू ने गोवर्धन करहा पूजा के आयोजन के अवसर पर रामनगर में कहीं उन्होंने कहा कि यादव समाज पिछड़ा नहीं बिछुड़ा हुआ है द्य आप सभी संगठित होकर कार्य करें द्य समाज का लाभ राजनीतिक पार्टियों ले लेती हैं और भूल जाती हैं समय-समय पर उन्हें अपनी ताकत से याद दिलाना पड़ेगा, हजारों लोगों की उपस्थिति में आयोजित किया द्य पूजा भाव और अपनी सांस्कृतिक से उपस्थित महिला पुरुष परिचित हुए द्य इस पूरे कराह पूजा को संपन्न कराने में भभुआ बिहार से आए हुए भक्त अमरनाथ बाबा और उनकी टीम का सराहनीय योगदान रहा द्य कार्यक्रम की अध्यक्षता सूरजपुर यादव समाज के रामाशंकर यादव ने किया द्य इस कार्यक्रम में रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल,नगर पालिका सूरजपुर की अध्यक्ष कुसुमलता राजवाड़े,कोरिया यादव समाज के अध्यक्ष रेवा यादव,गणेश यादव,तुलसी यादव, सूरजपुर कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष शशि सिंह,युवा यादव महासभा के प्रदेश अध्यक्ष परमेश्वर यादव पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष राजेश यादव रामचंद्र यादव शंकर यादव दीनानाथ यादव पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष आशीष यादव पन्ना लाल यादव,मेहंदी यादव,दुर्गा यादव पार्षद पिंटू यादव,अमरेश प्रसाद सत्यनारायण जायसवाल, रामानंद जायसवाल,राजेश्वर तिवारी, कैलाश सिद्धार,सतीश तिवारी सहित अन्य मंच पर उपस्थित रहे द्य जहां पर यादव समाज के लोगों ने अतिथियों का मालयअर्पण और अंग वस्त्र से स्वागत अभिनंदन किया द्य कार्यक्रम का संचालन राजकिशोर चौधरी ने तथा आभार बाबूलाल यादव ने किया द्य इस कार्यक्रम में सूरजपुर जिला के अंतर्गत सतपता,बिश्रामपुर रामनगर, कंधराई, जमदेई, रानियादी ओदगी, भैयाथान, अन्य स्थान से महिला पुरुष काफी संख्या में उपस्थित रहे द्य कार्यक्रम को बाबूलाल अग्रवाल,रेवा यादव राजेश यादव, रामाशंकर यादव ने भी संबोधित किया द्य कार्यक्रम का आयोजन रामनगर ग्राम वासियों ने किया था।

# जिला कांग्रेस का मीडिया प्रभारी बने ज्ञानेश तिवारी

### कांग्रेसियों में उत्साह, नेताओं और कार्यकर्ताओं ने दी बधाई



**गरियाबंद (विश्व परिवार)।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रशासनिक महामंत्री मलकीत सिंह गेंदु के अनुमोदन तथा जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुखचंद बेसरा की सहमति से ज्ञानेश तिवारी को जिला कांग्रेस कमेटी का मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है। नियुक्ति की खबर सामने आते ही कांग्रेस संगठन में उत्साह का माहौल देखा गया और नेताओं व कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई देते हुए नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं।

ज्ञानेश तिवारी लंबे समय से पत्रकारिता और सामाजिक-राजनीतिक गतिविधियों से जुड़े रहे हैं। समाज हित के मुद्दों को उठाने और संगठनात्मक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने के कारण उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनके अनुभव और सक्रियता को देखते हुए संगठन को उम्मीद है कि मीडिया प्रबंधन के साथ-साथ जनसंपर्क गतिविधियों को भी नई गति मिलेगी। नियुक्ति पर पूर्व मंत्री अमितेश शुक्ल, जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुखचंद बेसरा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता विनोद तिवारी, जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम सहित छगन यादव, राजेश साहू, सनी मेमन, आदित्यवर, जुनैद खान, नीरज ठाकुर, रमेश शर्मा, चिराग अली, कमलेश यादव, रमेश राजा, योगेश बघेल, प्रेम सोनवानी, तपेश्वर ठाकुर, सेवन पुजारी, पुष्पा जगन्नाथ साहू, रामगुलाल साहू, आबिद ढेबर, गुंजेश कपिल, चंद्रभूषण चौहान, पवन सोनकर, हबीब मेमन, सतीश चौरे, दिलेश्वर देवांगन सहित कई कार्यकर्ताओं और शुभचिंतकों ने बधाई दी।

संगठन से जुड़े नेताओं का कहना है कि ज्ञानेश तिवारी को मीडिया प्रभारी बनाकर संगठन ने अनुभव और ऊर्जा के संतुलन को प्राथमिकता दी है। वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के मार्गदर्शन और युवाओं के उत्साह के साथ नई टीम संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

नई जिम्मेदारी मिलने के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा जा रहा है। माना जा रहा है कि नई कार्यसमिति के गठन से संगठन को मजबूती मिलेगी और आने वाले कार्यक्रमों तथा अभियानों को भी तेज़ी मिलेगी।

# अपर मुख्य सचिव मनोज पिंगुआ ने पुनर्वास केंद्र का किया निरीक्षण

**कोंडागांव।** अपर मुख्य सचिव मनोज पिंगुआ ने मंगलवार को कोंडागांव जिले के प्रवास के दौरान देव खरगांव स्थित पुनर्वास केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पुनर्वासित व्यक्तियों से संवाद कर उनकी दैनिक गतिविधियों एवं व्यवस्थाओं की जानकारी ली। साथ ही केंद्र में संचालित विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों का अवलोकन किया। उन्होंने पुनर्वास केंद्र के व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए प्रशिक्षण के साथ-साथ उनकी शिक्षा पर भी विशेष ध्यान देने को कहा ताकि पुनर्वासित व्यक्तियों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके। साथ ही उन्होंने कृषि संबंधी स्वरोजगार पर विशेष ध्यान देने को कहा और सुबह शाम नियमित प्रार्थना कराने के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना एवं पुलिस अधीक्षक पंकज चंद्रा ने पुनर्वासित व्यक्तियों को शासन की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से प्रदान की जा रही सुविधाओं की जानकारी दी। इस मौके पर 01 पुनर्वासित व्यक्ति को नियुक्ति पत्र प्रदान किया और 01 व्यक्ति को स्मार्टफोन भी प्रदाय किया। साथ ही सभी को प्रेरणा लेने हेतु प्रेरित किया।

### गारमेंट फैक्ट्री का भी किया अवलोकन

अपर मुख्य सचिव पिंगुआ ने जिला मुख्यालय स्थित कोंडानार गारमेंट फैक्ट्री का निरीक्षण कर वहां संचालित आजीविका गतिविधियों का अवलोकन किया तथा प्रबंधन से विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

इस अवसर पर एसडीएम अजय उरांव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रूपेश दांडे, डीएसपी सतीश भार्गव तथा केंद्र प्रभारी पुनेश्वर वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रोटीन आंदोलन को गांव-गांव पहुंचा रहा आईबी ग्रुप

**रायपुर।** देश की तस्वीर बदल रही है। जो चर्चा कभी महानगरों के सेमिनारों और स्वास्थ्य मंचों तक सीमित थी, वह अब गांव की चौपाल और कस्बों की गलियों तक पहुंच चुकी है। संतुलित आहार, प्रतिरोधक क्षमता और दैनिक प्रोटीन की आवश्यकता अब आम परिवारों की बातचीत का हिस्सा बन रही है। आईबी ग्रुप के प्रबंध निदेशक बहादुर अली ने कहा, हमारा लक्ष्य एक ऐसा प्रोटीन इकोसिस्टम बनाना है, जो गांव के फार्म को परिवार की थाली से जोड़े और हर घर को सुलभ पोषण उपलब्ध कराए। जब बच्चों को पर्याप्त प्रोटीन मिलेगा, महिलाएं मजबूत होंगी और परिवार स्वस्थ रहेंगे, तभी राष्ट्र सशक्त बनेगा। ग्रामीण उत्पादन केंद्रों से लेकर संगठित शहरी वितरण तक, आईबी ग्रुप का यह मॉडल कृषि, स्वास्थ्य और आर्थिक विकास को एक साथ आगे बढ़ाने की सोच को साकार करता है। यह एक कॉरपोरेट पहल नहीं, बल्कि भारत को पोषण के मोर्चे पर आत्मनिर्भर बनाने की एक दीर्घकालिक प्रतिबद्धता है; एक ऐसा आंदोलन, जो देश की सेहत और भविष्य दोनों को मजबूत कर रहा है, आगे उन्होंने कहा। फिर भी सच्चाई यह है कि आज भी करीब 73 प्रतिशत महिलाएं, पुरुष, बच्चे और युवा प्रोटीन की कमी से जूझ रहे हैं। यही वह अंतर है जिसे पाटने के लिए ज़मीन पर उतरकर काम करने की जरूरत थी। इसी दिशा में आईबी ग्रुप ने 'हर घर हर दिन चिकन प्रोटीन' अभियान की शुरुआत की; एक ऐसा जनआंदोलन, जो जागरूकता के साथ समाधान भी लेकर आया।

अभियान के तहत 2,500 से अधिक तहसीलों में पहुंचकर लोगों को सरल भाषा में समझाया गया कि शरीर की मजबूती, बच्चों की सही वृद्धि और महिलाओं के बेहतर स्वास्थ्य के लिए प्रोटीन अनिवार्य है। कंपनी ने यह तथ्य सामने रखा कि 100 ग्राम एबीआईएस चिकन में लगभग 27 ग्राम उच्च गुणवत्ता वाला प्रोटीन होता है, एक ऐसा स्रोत जो किफायती भी है और सुलभ भी। आईबी ग्रुप ने खेत से लेकर परिवार की थाली तक एक सशक्त और पारदर्शी तंत्र विकसित किया है

# लापरवाही से गई जान, सोमेश्वर हॉस्पिटल का लाइसेंस निलंबित

### जांच में खुली बड़ी लापरवाही, प्रशासन का सख्त एक्शन




**गरियाबंद ( विश्व परिवार )।** जिला मुख्यालय में स्थित सोमेश्वर हॉस्पिटल के खिलाफप्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए उसका लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। मरीज के उपचार में गंभीर लापरवाही सामने आने के बाद यह कदम उठाया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यू.एस. नवरत्न ने बताया कि अस्पताल के खिलाफ मीडिया में खबरें सामने आई थीं कि एक युवक की मौत अस्पताल की लापरवाही के कारण हुई। परिजनों का आरोप था कि बिना उचित जांच के मरीज को एम्बुलेंस से दूसरे अस्पताल भेज दिया गया और रास्ते में ऑक्सीजन खत्म होने से युवक ने तड़प-तड़प कर दम तोड़ दिया। मामले में दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग भी उठी थी।

घटना को गंभीरता से लेते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय द्वारा चार सदस्यीय जांच दल का गठन किया गया। जांच दल ने अपनी रिपोर्ट में प्रारंभिक तौर पर मरीज के इलाज में घोर लापरवाही की पुष्टि की।

जांच रिपोर्ट के आधार पर अस्पताल संचालक को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया था, लेकिन प्रस्तुत जवाब संतोषजनक नहीं पाया गया।

इसके बाद कलेक्टर एवं पर्यवेक्षी प्राधिकारी ने छत्तीसगढ़ राज्य उपचर्यागृह तथा रोगोपचार संबंधी स्थापनाएं अनुज्ञापन अधिनियम 2010 एवं नियम 2013 के तहत कार्रवाई करते हुए सोमेश्वर हॉस्पिटल का अनुज्ञा पत्र तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया।

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषी पाए जाने वालों पर कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

# नशे के कारोबारियों पर सूरजपुर पुलिस का बड़ा प्रहार

### 4 लाख रूपये कीमत के 8 किलो गांजा जप्त, 3 आरोपी गिरफ्तार, परिवहन में प्रयुक्त सफारी वाहन भी जप्त



**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )**- एसएसपी श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने जिले के थाना-चौकी प्रभारियों को नशे के धंधे में लिप्त लोगों के विरूद्व सख्त कार्यवाही करने व प्रभावी तौर वाहनों की चेकिंग करने के निर्देश दिए थे जिसके बाद से ही पुलिस नशीली पदार्थ के गोरख धंधे पर सतत् निगाह बनाए हुए है और लगातार कार्यवाही करने में लगी हुई है।

इसी तारतम्य में दिनांक 03.03.2026 को चौकी लटोरी पुलिस मोटर व्हीकल एक्ट की कार्रवाई मेन रोड़ लटोरी में कर रही थी इसी दौरान अम्बिकापुर की ओर से टाटा सफारी वाहन क्रमांक सीजी 15 ईजी 4455 आते दिखा जो पुलिस को चेकिंग करता देख चेकिंग स्थल से 50 मीटर दूर वाहन रोककर मुड़ने लगे जो संदिग्ध प्रतीत होने पर घेराबंदी करने के दौरान सफारी वाहन से 2 व्यक्ति भाग निकले तथा 3 व्यक्ति जीवधन पैंकरा पिता घूरसाय उम्र 28 वर्ष निवासी सोनगरा, सुरेन्द्र कुमार लास्कर पिता रामकुमार लास्कर उम्र 20 वर्ष व ललित यादव पिता सुपाड़ी लाल यादव उम्र 21 वर्ष दोनों निवासी ग्राम बरौधी थाना भटगांव को पकड़ा गया जिनके कब्जे से 8 किलो गांजा जप्त किया गया जिसकी कीमत करीब 4 लाख रूपये है। मामले में गांजा व परिवहन में प्रयुक्त सफारी वाहन जप्त कर धारा 20बी एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया वहीं फरार 2 लोगों की पतासाजी की जा रही है।

इस कार्यवाही में चौकी प्रभारी लटोरी अरूण गुप्ता, एएसआई मानिकदास, प्रधान आरक्षक दिलेश्वर सिंह, आरक्षक विकास मिश्रा, संतोष जायसवाल, शोभनाथ कुशवाहा, इस्तियाक अहमद, देवकीनंदन खुटिया, कैलू राजवाड़े, सुनील एक्का, सैनिक तामेश्वर राजवाड़े सक्रिय रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### सैमसंग गैलेक्सी S26 अल्ट्रा को मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस 2026 में 'बेस्ट इन शो' अवॉर्ड मिला

**नईदिल्ली।** सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने आज घोषणा की है कि उसके फ्लैगशिप स्मार्टफोन सैमसंग गैलेक्सी S26 अल्ट्रा को ग्लोबल मोबाइल अवार्ड्स में 'बेस्ट इन शो' के सम्मान से नवाज़ा गया है। यह पुरस्कार बार्सिलोना में आयोजित मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस 2026 के दौरान दिया गया। इन पुरस्कारों का आयोजन हर साल ग्लोबल मोबाइल कम्युनिकेशंस एसोसिएशन द्वारा किया जाता है, जो मोबाइल उद्योग में बेहतरीन नवाचारों को मान्यता देता है। 'बेस्ट इन शो' श्रेणी उन उपभोक्ता-केंद्रित उत्पादों को सम्मानित करती है जो तकनीक के क्षेत्र में नए मानक स्थापित करते हैं। इसे उद्योग के सबसे बड़े सम्मानों में से एक माना जाता है। 200 से अधिक अंतरराष्ट्रीय विश्लेषकों, पत्रकारों और विशेषज्ञों की जूरी द्वारा चुने जाने के कारण इन डिवाइस को डिजिटल जगत का गोल्ड स्टैंडर्ड माना जाता है। सैमसंग गैलेक्सी S26 अल्ट्रा: बेस्ट इन शो 4 मार्च को आयोजित पुरस्कार समारोह में, गैलेक्सी S26 अल्ट्रा ने बेस्ट इन शो का खिताब जीता। जूरी के अनुसार, गैलेक्सी S26 अल्ट्रा को यह पुरस्कार उसके उन्नत हार्डवेयर और One UI 8.5 सॉफ्टवेयर के सहज मेल के लिए दिया गया है। इसमें मौजूद गैलेक्सी AI उपयोगकर्ता की जरूरतों को समझते हुए रोज़मर्रा के कामों को आसान बनाता है और साथ ही सुरक्षा व गोपनीयता का भी पूरा ध्यान रखता है। ये खूबियां मिलकर सबसे सहज मोबाइल एआई अनुभव प्रदान करती हैं।

### सैमसंग की गैलेक्सी एस 26 सीरीज़ से प्राइवेसी और एजेंटिक एआई के नए दौर की शुरुआत : जेबी पार्क

**गुरुग्राम।** सैमसंग ने अपना नया फ्लैगशिप स्मार्टफोन गैलेक्सी एस 26 अल्ट्रा पेश किया है। इस स्मार्टफोन में दिया गया नया 'प्राइवेसी डिस्प्ले' फीचर पूरी टेक दुनिया में चर्चा का विषय बन गया है और इसे हर तरफसे काफी सराहना मिल रही है। सैमसंग साउथवेस्ट एशिया के प्रेसिडेंट और सीईओ जेबी पार्क ने कहा कि यह उद्योग में अपनी तरह का पहला फीचर है, जो स्मार्टफोन इंडस्ट्री में प्राइवेसी के एक नए दौर की शुरुआत करता है। उन्होंने कहा, चूंकि अब हम एआई के दौर में हैं, इसलिए गैलेक्सी एस 26 सीरीज़ में प्राइवेसी को और भी बेहतर बनाया गया है। थर्ड-पार्टी फिल्टर के विपरीत, 'प्राइवेसी डिस्प्ले' सीधे स्क्रीन के अंदर ही शामिल है। इससे रोजमर्रा के इस्तेमाल में स्क्रीन देखने का अनुभव पहले जैसा ही शानदार रहता है, जबकि साइड एंगल से स्क्रीन पर क्या चल रहा है, यह दिखाई नहीं देता। यूजर प्राइवेसी को स्क्रीन के किसी खास हिस्से तक सीमित कर सकते हैं या यह भी तय कर सकते हैं कि यह फीचर कब सक्रिय हो। इससे आपकी प्राइवेसी की सुरक्षा बहुत ही सहज और आसान हो जाती है।

### रियलमी सी 83 5जी 13,499 रुपये के शुरुआती मूल्य में लॉन्च हुआ

**नई दिल्ली:** भारतीय युवाओं के सबसे पसंदीदा स्मार्टफोन ब्रांड, रियलमी ने आज अपनी सी-सीरीज़ में रियलमी सी83 5जी का लॉन्च किया, जो लंबी बैटरी लाईफ अल्ट्रा-स्मूथ विज़्युअल और भरोसेमंद 5जी परफॉर्मेंस प्रदान करने के लिए बनाया गया है। यह स्मार्टफोन उन यूज़र्स के लिए है, जो एंड्योरेंस के साथ विश्वसनीयता पसंद करते हैं। इसलिए रियलमी सी83 5जी में सेगमेंट की सबसे शक्तिशाली 7000 एम.एम.एच बैटरी के साथ 144 हट्र्ज़ का डिस्प्ले दिया गया है, जो 4 साल तक स्मूथ परफॉर्मेंस प्रदान करेगा। लंबे समय तक स्मूथनेस के साथ सेगमेंट की सबसे शक्तिशाली 7000 एम.ए.एच की टाईटन बैटरी रियलमी सी83 5जी में अपने सेगमेंट की सबसे शक्तिशाली 7000 एम.ए.एच की टाईटन बैटरी दी गई है, जो पूरे दिन तक आराम से चलती है। यह 15 वॉट पीडी और 15 वॉट डीसीपी चार्जिंग को सपोर्ट करती है। इसलिए यह 180 मिनट में पूरी चार्ज हो जाती है तथा अन्य डिवाईस को पॉवर प्रदान करने के लिए इसमें 5 वॉट की वायर्ड रिवर्स चार्जिंग भी है।

### क्राइम ब्रांच का नाम लेकर अवैध वसूली, कोटा में तीन युवक हिरासत में

**बिलासपुर।** कोटा क्षेत्र के करगीखुर्द गांव में खुद को क्राइम ब्रांच का कर्मचारी बताकर ग्रामीणों से जबरन वसूली करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि कुछ युवकों ने नशे का कारोबार करने का आरोप लगाकर एक युवक से 54 हजार रुपये वसूल लिए। शिकायत के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और तीन संदिग्धों को हिरासत में लिया है। करगीखुर्द निवासी अभिषेक सिंह के अनुसार गुरुवार देर रात स्कॉर्पियो वाहन में सवार दो युवक उनके घर पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। करीब एक घंटे बाद वे वहां से चले गए, लेकिन कुछ देर बाद फोन कर बाहर बुलाया। परिचित के कॉल पर घर से बाहर निकले अभिषेक को युवकों ने जबरन वाहन में बैठाकर गांव से बाहर ले गए। वहां एक युवक ने स्वयं को क्राइम ब्रांच का जवान बताते हुए डेढ़ लाख रुपये की मांग की और झूठे मामले में फंसाने की धमकी दी।

# जुनेजा परिवार ने कुष्ठ रोगियों के साथ खेली होली



**रायपुर (विश्व परिवार)।** रायपुर उत्तर के पूर्व विधायक कुलदीप सिंह जुनेजा ने अपने परिवार सहित कुष्ठ बस्ती में निवासरत कुष्ठ रोगियों के साथ सादगी और अपनत्व के साथ होली मनाई। इस अवसर पर उन्होंने सभी को होली की शुभकामनाएं दीं और उनके साथ रंग-गुलाल लगाकर खुशियां साझा कीं।

श्री जुनेजा पिछले कई वर्षों से हर वर्ष होली का पर्व कुष्ठ बस्ती के साथियों के साथ मनाते आ रहे हैं। उनका कहना है कि त्योहार खुशियां बांटने और समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलने का संदेश देता है।

इस अवसर पर जुनेजा परिवार के सदस्यों ने कुष्ठ बस्ती के निवासियों के साथ समय बिताया और सभी के स्वस्थ एवं सुखद जीवन की कामना की।

# दीर्घकालिक विकास की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा राज्य नीति आयोग: सीएम साय

**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज नवा रायपुर स्थित नीति भवन में छत्तीसगढ़ राज्य नीति आयोग के नवनियुक्त उपाध्यक्ष श्री गणेश शंकर मिश्रा के पदभार ग्रहण समारोह में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने उन्हें इस महत्वपूर्ण दायित्व के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं।



मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य नीति आयोग प्रदेश के दीर्घकालिक विकास विज़न, साक्ष्य-आधारित नीति निर्माण और विभिन्न विभागों के बेहतर समन्वय के माध्यम से छत्तीसगढ़ के विकास को नई दिशा और गति देने वाला एक महत्वपूर्ण संस्थान है। उन्होंने कहा कि भविष्य की जरूरतों और चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए विकास की योजनाएँ और रणनीतियाँ तैयार करने में आयोग की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज देश माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है। इसी दृष्टि को ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ में भी छत्तीसगढ़ विज़न डॉक्युमेंट 2047 तैयार किया गया है, जिससे प्रदेश के समग्र और दीर्घकालिक विकास की रूपरेखा तय की जा रही है।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा योजना आयोग के स्थान पर नीति आयोग के गठन का निर्णय दूरदर्शी सोच का परिणाम था। आज नीति आयोग द्वारा संचालित आकांक्षी जिलों का कार्यक्रम देश के पिछड़े क्षेत्रों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है, जिसका सकारात्मक प्रभाव छत्तीसगढ़ के आकांक्षी जिलों में भी देखने को मिला है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि नीति आयोग की विशेषता यह है कि यह क्षेत्र की वास्तविक जरूरतों को ध्यान में रखते हुए नीति और योजना निर्माण को बढ़ावा देता है।

## रायपुर विकास प्राधिकरण की पहली पुनर्निर्माण योजना

# टिकरापारा के जर्जर फ्लैट्स का होगा आधुनिक स्वरूप में पुनर्निर्माण

**रायपुर( विश्व परिवार )।** रायपुर विकास प्राधिकरण द्वारा शहर के विकास एवं नागरिकों को बेहतर आवासीय सुविधाएँ उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। प्राधिकरण द्वारा टिकरापारा स्थित 96 टेनामेंट आवासीय परिसर, जो लगभग 50 वर्ष पूर्व निर्मित किए गए थे और वर्तमान में जर्जर स्थिति में पहुँच चुके हैं, उनका पुनर्निर्माण किया जाएगा। यह निर्णय वहाँ निवासरत रहवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग को ध्यान में रखते हुए लिया गया है।



इस परियोजना के अंतर्गत रायपुर विकास प्राधिकरण द्वारा कुल 144 आधुनिक फ्लैट्स के निर्माण हेतु टेंडर जारी कर दिया गया है। प्रस्तावित आवासीय परिसर में 48 (1 BHK) तथा 96 (2 BHK) फ्लैट्स का निर्माण किया जाएगा। इस योजना के अंतर्गत मूल आवंटितियों को फ्लैट्स रियायती दर पर उपलब्ध कराए जाएंगे, जबकि शेष फ्लैट्स का विक्रय प्राधिकरण द्वारा निविदा प्रक्रिया के माध्यम से किया जाएगा। सभी फ्लैट्स को आधुनिक वास्तुशिल्प एवं नवीनतम निर्माण मानकों के अनुरूप तैयार किया जाएगा, जिससे निवासियों को बेहतर, सुरक्षित एवं सुविधाजनक आवास उपलब्ध हो सके।

प्रस्तावित भवन आठ मंजिला (8 स्टोरी) होगा, जिसमें ग्राउंड फ्लोर पर पार्किंग की समुचित व्यवस्था की जाएगी। इसके अतिरिक्त परिसर में व्यावसायिक उपयोग हेतु दुकानों का निर्माण भी प्रस्तावित है।

# होली आपसी सद्भावना का प्रतीक-विधायक मोतीलाल साहू



**रायपुर (विश्व परिवर)।** छत्तीसगढ़ के रायपुर में शुक्रवार को धूमधाम से रंग-पंचमी त्योहार मनाई गई। कार्यक्रम में रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू ने रंग-पंचमी कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान विधायक मोती लाल साहू ने कहा कि होली आपसी सद्भावना का प्रतीक के रूप हमारे जीवन में खुशहाली लेकर आती है। पर्व के अवसर पर सभी को भाई -चारा के साथ खुशहाली की शुभकामनाएं दी। बता दें कि छत्तीसगढ़ी संस्कृति परंपरा और संस्कृति को संरक्षित करने के उद्देश्य से कार्यक्रम का आयोजन किया गया , जिसके द्वारा अनवरत छत्तीसगढ़ी स्थानीय त्योहार और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है इस आयोजन में मुख्य अतिथि सीएम साय विधायक मोतीलाल साहू, वार्ड पार्षद व जोन अध्यक्ष- नगर निगम घनश्याम क्षत्रीय, संस्था के अध्यक्ष राकेश वैष्णव, देवा साहू, कमलकांत शर्मा, नरेश साहू, कोमल साहू, अशोक सिन्हा, डामल दास, रामा ध्रुव, के के वैष्णव, डॉ.जीतेंद्र सिंगरौल, भर्तृहरि वर्मा, अनिल देवांगन, नीलकंठ, टूम्मन वर्मा, योगेश चंद्राकर, ओम प्रकाश मरावी, राजेश साहू और देवेन्द्र वर्मा शामिल रहे।

# तंबाकू नियंत्रण को प्रभावी बनाने नगर पंचायत खरोरा द्वारा चलाया गया विशेष अभियान

**रायपुर (विश्व परिवार)।** शासन के निर्देशानुसार जिले में तंबाकू नियंत्रण को प्रभावी बनाने हेतु COTPA Act (Cigarettes and Other Tobacco Products Act) के अंतर्गत नगर पंचायत खरोरा द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत स्कूलों एवं शैक्षणिक संस्थानों के आसपास तंबाकू उत्पादों की बिक्री करने वाले दुकानदारों के विरुद्ध जांच एवं कार्रवाई की गई।



अभियान के दौरान नगर पंचायत की टीम द्वारा विभिन्न स्थानों का निरीक्षण किया गया, जिसमें कुछ दुकानदारों द्वारा स्कूलों के आसपास तंबाकू उत्पादों की बिक्री करते हुए पाया गया, जो कि COTPA Act के प्रावधानों का उल्लंघन है। उक्त उल्लंघन पाए जाने पर कुल 08 दुकानों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए कुल 500 रुपये का चालान काटा गया तथा संबंधित दुकानदारों को भविष्य में स्कूलों के आसपास तंबाकू उत्पादों की बिक्री नहीं करने के संबंध में चेतावनी भी दी गई।

नगर पंचायत खरोरा द्वारा नागरिकों एवं व्यापारियों से अपील की गई है कि वे तंबाकू नियंत्रण संबंधी नियमों का पालन करें तथा विशेष रूप से स्कूलों एवं शैक्षणिक संस्थानों के आसपास तंबाकू उत्पादों की बिक्री न करें।

# देश संपदा का लाभ देश की जनता को मिलना चाहियेः पी संदोश कुमार

**रायपुर (विश्व परिवार)।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के



केन्द्रीय कार्य कारिणी सदस्य वा राज्य सभा साँसद कामरेड पी संदोश कुमार का पत्रकार वार्ता प्रेसक्लब रायपुर छत्तीसगढ़ में इज दनाँक 6 मार्च 2026 को हुई जिसमेंदेश के अंदर 2014 के बाद देश संपदा का लाभ देश की जनता को मिलना चाहिये मगर निजीकरण और कार्पोरेट घरानों को लाभ मिल रहा है, ह्वी बी जी राम जी जो मनरेगा के स्थान लाया गया है ग्राम सभाओं की शक्ति कमजोर कर दी ग ई है. ग्रामीण रोजगार को चौपट कर दी गई है. आपरेशन सिंदूर मसले पर अमरिका युद्ध रुकवाने की की बात अमरिका के राष्टपति अनेक बार कह चुके हैं. ईरान पर इजराइल अमरिका के बीज युद्ध थोपा गया जिसमें हमारे देश के प्रधानमंत्री को 140 करोड जनता के प्रतिनिधी होने के नाते इजराइल के पक्ष खडा नहीं होना चाहिए हमारी विदेश नीति असफल मानी जायेगी, छत्तीसगढ़ एक खनिज संपदा के मामले में समृद्ध है।

# प्रदेश की कानून व्यवस्था बदहाल : दीपक बैज

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने पत्रकारो से चर्चा करते हुये कहा कि होली के दिन अकेले रायपुर जिले में 4 हत्या की घटना हुई, 16 चाकूबाजी की घटना हुई। पूरे प्रदेश में आतंक का माहौल रहा, पुलिस वाले की वर्दी फाड़ी गई, घरों में घुस कर महिलाओं से अभद्रता की गई। यह प्रदेश की बिगड़ चुकी कानून व्यवस्था का आइना है। होली जैसे संवेदन शील त्यौहार पर सरकार लोगो को सुरक्षित नहीं रख पाई। दल्लीराजहरा में एक नाबलिक सामूहिक दुराचार का शिकार हो गयी। होली पर जो हत्या और चाकूबाजी हुई है, उसके पीछे का बड़ा कारण शराब खोरी है, अधिकांश घटनाएं नशे के कारण ही हुई है। सरकार तो होली के दिन शराब दुकानें खोलने वाली थी, वह तो कांग्रेस और मीडिया के विरोध के कारण ड्राई-डे घोषित हुआ, कल्पना करिए कि शराब दुकानें खुली होती तब क्या हाल होता। कहते थे कमिश्नरी प्रणाली लागू करेंगे, सब ठीक हो जायेगा। अब क्यों अपराध नही रूक रहे। प्रदेश के गृह मंत्री राज्य की कानून व्यवस्था संभालने में नाकाम साबित हो गये है। गृह मंत्री को बर्खास्त किया जायेगा।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि राजधानी से लगे आरंग में एक धान खरीदी केंद्र में धान को पानी से भिगोया जा रहा था। ऐसी स्थिति सरकार की गलत नीति के कारण उत्पन्न हो रही है। सरकार खरीदी केन्द्रों से धान का उठाव नहीं करवा रही है। गर्मी का मौसम आ गया है, धान सूख रहा रहा, वजन कम हो रहा। सरकार ने नियम बना दिया कि

# आयुक्त ने विकास कार्यों की प्रगति की जानकारी लेकर की गहन समीक्षा

- सतत मॉनिटरिंग कर गुणवत्ता सहित पूर्ण करवाने के दिए निर्देश

**रायपुर (विश्व परिवार)।** रायपुर नगर पालिक निगम के आयुक्त श्री विश्वदीप ने रायपुर नगर निगम क्षेत्र में सांसद निधि, विधायक निधि, अधोसंरचना मद, डीएमएफ के अंतर्गत प्रगतिरत सभी विकास और निर्माण कार्यों की समीक्षा विधानसभा क्षेत्र वार रायपुर नगर पालिक निगम क्षेत्र अंतर्गत जोनवार और वार्डवार करते हुए प्रगतिरत समस्त विकास और निर्माण कार्यों को स्थल पर तत्काल गतिमान करते हुए सभी विकास और निर्माण कार्यों को तय समयसीमा के भीतर सतत





मॉनिटरिंग करते हुए गुणवत्तापूर्ण तरीके से जनहित में जनसुविधा विस्तार की दृष्टि से प्राथमिकता से पूर्ण करवाना सुनिश्चित करने अधीक्षण अभियंताओं, कार्यपालन अभियंताओं, जोन कमिश्नरों को निर्देशित किया.

आयुक्त श्री विश्वदीप ने विधानसभा क्षेत्रवार, जोनवार और वार्डवार सांसद निधि विधायक निधि, अधोसंरचना मद, डीएमएफ फंड के अंतर्गत समस्त विकास और निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी सम्बंधित अधिकारियों से लेकर समस्त प्रगतिरत विकास और निर्माण कार्यों की गहन समीक्षा करते हुए नगर निगम के अधीक्षण अभियंता दव्य, जोन कमिश्नरों, कार्यपालन अभियंताओं और सहायक अभियंताओं को आवश्यक निर्देश दिए.

# भलेरा धान खरीदी केंद्र की शिकायत पर कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने लिया संज्ञान

**रायपुर (विश्व परिवार)।** आरंग विकासखंड के भलेरा सहकारी समिति के धान खरीदी केंद्र में धान के स्टैक को पानी से भिगोने संबंधी शिकायत को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने तत्काल संज्ञान लिया है। मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय जांच समिति का गठन किया गया, जिसे तत्काल मौके पर पहुंचकर पूरे प्रकरण की जांच करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जांच टीम मौके पर पहुंचकर वस्तुस्थिति की जांच करे तथा यदि किसी भी कर्मचारी या अधिकारी की संलिप्तता पाई जाती है तो उनके विरुद्ध तत्काल कड़ी प्रशासनिक कार्रवाई की जाए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सहायक आयुक्त विनय शुक्ला के नेतृत्व में सुमित डडसेना (सहकारिता विस्तार अधिकारी) एवं अशोक साहू (सहकारिता निरीक्षक) का संयुक्त जांच दल घटनास्थल पर पहुँच कर खरीदी केंद्र में रखे धान के स्टैक, भंडारण व्यवस्था तथा संबंधित कर्मचारियों की भूमिका की विस्तृत जांच कर रहा है।


**केन्द्रीय पेट्रोरसायन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सिपेट), रायपुर**

रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग, रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय (भारत सरकार)
प्लाट 48, औद्योगिक क्षेत्र, भनपुरी, रायपुर, 493221, 0771-6673009
ईमेलः raipur@cipet.gov.in, वेबसाइटः www.cipet.gov.in
सिपेट CIPET

**निविदा आमंत्रण हेतु सूचना**

केन्द्रीय पेट्रोरसायन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सिपेट), अपने रायपुर स्थित संस्थान में बाह्य सेवा प्रदाता एजेंसी (Outsource) के माध्यम से मानव शक्ति एवं कैंटीन सेवाएं प्रदान करने हेतु निविदा आमंत्रित करता है । निविदा का विवरण,पात्रता मापदंड,निर्देश और निविदा में भाग लेने के लिए आवश्यक दस्तावेजों के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण तिथि एवं विवरण bidplus.gem.gov.in या www.cipet.gov.in से डाउनलोड किये जा सकते हैं। निविदायें केवल ऑनलाइन माध्यम से ही जमा की जावेगी।

निविदा में किसी भी प्रकार के शुद्धिपत्र/संशोधन पत्र केवल वेबसाइट पर प्रकाशित किये जायेंगे। सिपेट, रायपुर बिना कारण बताये निविदा स्वीकार/निरस्त अथवा निविदा प्रक्रिया किसी भी चरण में निरस्त/स्थगित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

निविदा सं. GEM/2026/B/7213173,GEM/2026/B/7247190 दिनांक 19.02.2026, 26.02.2026 प्रधान निदेशक एवं प्रमुख


# महापौर ने गर्मी में जलापूर्ति के लिए पुख्ता तैयारी के दिए सख्त निर्देश

**रायपुर (विश्व परिवार)।** महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने कहा है कि पेयजल उपलब्ध कराना निगम की जिम्मेदारी द्ब. सभी अधिकारी पेयजल की समस्या को गंभीरता से लें. सभी जोन कमिश्नर प्रतिदिन वार्डों में जलापूर्ति का नियमित निरीक्षण करें.





आज नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने नगर निगम आयुक्त श्री विश्वदीप सहित गर्मी में राजधानी शहर नगर निगम क्षेत्र के सभी वार्डों में नागरिकों को सुगम जलापूर्ति की तैयारियों को लेकर आवश्यक बैठक लेकर सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया.

महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने सभी जोन कमिश्नरों को अपनी टीम के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ जोन अंतर्गत वार्डों का गर्मी में पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था पुख्ता करने नियमित निरीक्षण कर जल आपूर्ति के समय टेल एंड तक नागरिकों को सुगम जलापूर्ति किया जाना सुनिश्चित करने निर्देशित किया है. महापौर ने कहा कि जोन कमिश्नर वार्डों में जलसमस्या होने पर जोन से उसका सम्बंधित स्पाट पर तत्काल कार्यवाही कर समुचित निराकरण करेंगे।

इसमें जोन के स्तर पर तकनीकी समस्या निदान में आने पर इसकी तत्काल जानकारी नगर निगम मुख्यालय जल बोर्ड के अभियंताओं को देकर उनसे सम्बंधित क्षेत्र की जलसमस्या का वहाँ त्वरित निदान करवाएंगे. जोन कमिश्नर वार्ड पार्षदों के साथ समन्वय बनाकर अभी से जलसमस्या के संभावित क्षेत्रों में जलसमस्या निदान करवा लेंगे, ताकि गर्मी में नागरिकों को पानी को लेकर इधर - उधर ना भटकना पड़े.महापौर ने गर्मी में पेयजल वितरण का अपव्यय पर कारगर अंकुश लगाने कड़े निर्देश दिये. महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने जोन कमिश्नरों को अवैध नल कनेक्शनों पर नियमानुसार कड़ी कार्यवाही कर उन्हें करारोपण में सम्मिलित करने के निर्देश दिए हैं.

# हर थाने में बाल कल्याण अधिकारी की जानकारी अब होगी डिस्प्लेः डॉ वर्णिका

**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने एक महत्वपूर्ण अनुशंसा आर-188 दिनांक 03.03.2026 जारी करते हुए पुलिस कमिश्नर रायपुर एवं समस्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षकों को यह अनुशंसा की है कि प्रत्येक पुलिस थाने में बाल कल्याण पुलिस अधिकारी व विशेष किशोर पुलिस इकाई के प्रभारी तथा बच्चों के आपातकालीन नम्बर 1098 का डिस्प्ले अनिवार्यतः किया जाये । विगत दिनों आयोग में प्रचलित प्रकरणों में यह संज्ञान में आया था कि थानो में नामित बाल कल्याण पुलिस अधिकारी की जानकारी सभी पुलिस अधिकारियों को नहीं होती है। कतिपय मामलों में थाना प्रभारी को भी स्थानांतरण होने के बाद लंबे समय तक स्थानांतरित स्थान पर नामित बाल कल्याण पुलिस अधिकारी की जानकारी नहीं होती है। आयोग ने यह भी पाया था कि थाना प्रभारियों को भी जिले



में विशेष किशोर पुलिस इकाई की जानकारी नहीं होती है । इन सबका दुष्परिणाम यह होता है कि बच्चों से संबंधित मामलों में अन्वेषण करते समय पुलिस अधिकारियों द्वारा बच्चों के लिए बाल सुलभ प्रोटोकॉल का पालन नहीं किया जाता है । विधिक प्रावधानों का उल्लेख करते हुए आयोग ने अपनी अनुशंसा में लेख किया है कि इस संबंध में किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण ) अधिनियम 2015 की धारा 107 के अनुसार प्रत्येक थाने में बाल कल्याण पुलिस अधिकारी और विशेष किशोर पुलिस इकाई का गठन किया जाना कानूनी बाध्यता है।


**Public Works Department**
**Office of The Superintanding Engineer, Pwd,**
**Raipur Circle No.-1 Raipur. (C.G.)**

**REQUEST FOR PROPOSAL (RFP)**
**(1st Call)**

**No. 16/Raipur /2025-26** **Raipur, Dated. 03.03.2026**

Public Works Department (PWD) invites proposal for Planning, Design, Estimation and related services for the work

जिला रायपुर में भूमि प्रबंधन संस्थान (सेंटर ऑफ एक्सीलेंस) का भवन निर्माण कार्य (वर्ष 2025–26) हेतु वास्तुविद् नियुक्त करने बाबत् ।

Situated at Raipur

Probable cost of project Rs. 10.00 Cr.

Minimum eligibility for participants shall be as below :-

| S.N. | Building project cost | The applicant firms, firms forming Joint venture/consortium shall be | Earnest money (In shape as per annexure I) Favor of Executive Engineer, PWD Division No.-03 Raipur |
|---|---|---|---|
| 1 | For project cost Between 01 to 10 Crore | Empanelled as architect in Class "D" & Above Class in C.G. PWD. | Rs. 3,000=00 |

**General condition** :- All the documents & Information as per para 6.4, shall be submitted through speed post/Registered post. so as to reach the office of under signed on or before dated **25.03.2026** by 17.30 hour. Any documents received after the last date and time will not be entertained.

The detailed RFP is available on the website www.cg.nic.in/pwdraipur & **http://cgstate.gov.in/** from where it can be downloaded for submission. CG.PWD reserves the right to reject all or any of the application without assigning any reason. Right to modify the process of Pre-qualification is reserved with CG PWD.

G-252607037/1

**Superintending Engineer**
Public Works Department
Raipur Circle No-1 Raipur


छत्तीसगढ़ शासन
छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 25 वर्षों का उत्सव वर्षों का संकल्प
अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस-2026
के अवसर पर
छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन-बिहान अंतर्गत
लखपति दीदी संवाद
07 मार्च 2026
दोपहर 2:00 बजे
सरदार बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम, रायपुर (छ.ग.)
संघर्ष से सम्मान तक, आगे बढ़ती बिहान की दीदियां
08 लाख महिलाएं बनीं लखपति दीदी
10 लाख अतिरिक्त महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य
₹05 करोड़ का बजट प्रावधान
लखपति दीदियों के व्यवसायिक अनुभव के विस्तार हेतु लखपति दीदी भ्रमण योजना की शुरूआत
2.8 लाख स्व-सहायता समूह और 30.85 लाख परिवार बिहान मिशन से जुड़े
महिलाओं को प्रशिक्षण एवं वित्तीय सहायता से बनाया जा रहा आर्थिक रूप से सशक्त
महिला समूहों को उद्यम के लिए बेहतर जगह उपलब्ध कराने 368 महतारी सदनों का हो रहा निर्माण
SAMVAD- 47101/117
श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क
Visit us : /ChhattisgarhCMO /DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in